# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी






## गोवा में 77 फीट की श्रीराम प्रतिमा का किया अनावरण

- प्रधानमंत्री शाम 4 बजे दक्षिण गोवा के कैनाकोना स्थित श्री संस्थान गोकर्ण परतगली जीवोत्तम मठ पहुंचे।
- यह मठ गौड़ सारस्वत ब्राह्मण वैष्णव परंपरा का प्रमुख केंद्र माना जाता है।
- मोदी बोले, श्री संस्थान गोकर्ण पर्तगली जीवोत्तम मठ अपनी स्थापना की 550वीं वर्षगांठ मना रहा है।
- बीते 550 सालों में इस संस्था ने समय के कितने ही चक्रवात झेले हैं।
- युग बदला, दौर बदला, देश और समाज में कई परिवर्तन हुए लेकिन बदलते युगों और चुनौतियों के बीच इस मठ ने अपनी दिशा नहीं खोई। आज भारत सांस्कृतिक पुनर्जागरण का साक्षी बन रहा है।

# विकसित भारत के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए लोगों के बीच एकता जरूरी : मोदी

**पणजी (भाषा)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि विकसित भारत के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए लोगों के बीच एकता जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत आज सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अनुभव कर रहा है। श्री संस्थान गोकर्ण जीवोत्तम मठ के 550 वर्ष पूरे होने पर आयोजित समारोहों के तहत गोवा में भगवान राम की 77 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ''जब समाज एकजुट होता है, जब प्रत्येक क्षेत्र एक साथ खड़ा होता है, तो देश बड़ी छलांग लगाता है।'' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''आज भारत एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अनुभव कर रहा है। अयोध्या में राम मंदिर का जीर्णोद्धार, काशी विश्वनाथ धाम का व्यापक जीर्णोद्धार और उज्जैन में महाकाल महालोक का विस्तार, ये सभी देश की नयी चेतना और इसकी आध्यात्मिक विरासत के सशक्त पुनरुत्थान के उदाहरण हैं।'



### नोएडा के मूर्तिकार के मार्गदर्शन में बनी प्रतिमा

इस प्रतिमा को नोएडा के प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। राम सुतार ने ही गुजरात में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी डिजाइन की थी। गोवा में श्रीराम की प्रतिमा के साथ रामायण थीम पार्क और राम संग्रहालय भी बनाया जा रहा है।

### गोकर्ण परतगली मठ के बारे में जानें

यह सारस्वत ब्राह्मण समुदाय का एक सम्मानित धार्मिक केंद्र है। इसकी स्थापना 1656 ईसवीं में श्री राम चंद्र तीर्थ ने की थी। मठ में भगवान श्री राम, लक्ष्मण और सीता मुख्य देवता के रूप में पूजे जाते हैं। देशभर में इस मठ की 33 शाखाएं हैं। मठ का 550वां वार्षिकोत्सव 31 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान राम नाम जप अभियान, भजनी सप्ताह और 11 दिन का उत्सव आयोजित होगा।

### 1 लाख लोगों के साथ किया श्रीमद्भगवद गीता का पाठ

गोवा जाने से पहले दिन में पीएम कर्नाटक पहुंचे थे। उडुपी में उन्होंने श्री कृष्ण मठ में पूजा-अर्चना की थी। यहां सुवर्ण तीर्थ मंडप का उद्घाटन किया और सोने का कलश चढ़ाया। इसके बाद पीएम ने 1 लाख लोगों के साथ श्रीमद्भगवद गीता का पाठ किया। पीएम ने उडुपी में 25 मिनट की स्पीच दी। यहां उन्होंने श्रीकृष्ण के गीता के उपदेशों की बात की। पीएम ने कहा- भगवत गीता हमें सिखाती है कि शांति और सच्चाई को वापस लाने के लिए अत्याचारी का अंत करना जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### घर बैठे आधार में मोबाइल नंबर बदल सकेंगे

**नई दिल्ली।** जल्द ही आप घर बैठे आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर बदल सकेंगे।



आधार को रेगुलेट करने वाली संस्था यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने नई डिजिटल सर्विस की घोषणा की है। इसके जरिए यूजर्स आधार एप पर ओटीपी वेरिफिकेशन और फेस ऑथेंटिकेशन से अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर पाएंगे। *एजेंसी*

### उत्तराखंड में 14 जनवरी से होगा अर्धकुंभ

**हरिद्वार।** उत्तराखंड में 2027 में होने वाले अर्धकुंभ की तिथियां तय हो गई हैं। हरिद्वार में होने वाला ये भव्य आयोजन 14 जनवरी से शुरू होगा और 20 अप्रैल को खत्म होगा। 97 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में 10 प्रमुख स्नान शामिल हैं। जिसमें पहली बार चार शाही अमृत स्नान भी होंगे, जिसे एक ऐतिहासिक फैसला माना जा रहा है। कई दिनों से अर्धकुंभ की तिथियों को लेकर असमंजस की स्थिति थी, जिसके बाद आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार डाम कोठी में अखाड़ा प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। *एजेंसी*

### 'महावतार नरसिम्हा' की ऑस्कर में एंट्री

**नई दिल्ली।** अश्विन कुमार की एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' को बड़ी सफलता हासिल हुई है। ये फिल्म इसी साल थिएटर्स में रिलीज हुई और फिल्म को खूब प्यार मिला। इस एनिमेटेड फिल्म को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। फिल्म को ऑस्कर नॉमिनेशन में जगह दी गई है। *एजेंसी*



## दो खुशखबरी : अर्थव्यवस्था में तेजी, पावर इंडेक्स में बढ़ी भारत की साख

### छह तिमाही में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी

# नहीं रुकेगा भारत, 8.2 फीसदी की रफ्तार से बढ़ी जीडीपी

### मोदी बोले-यह रिफॉर्म्स का नतीजा, आर्थिक सुधार जारी रहेंगे, इज ऑफ लिविंग को करेंगे मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जीएसटी कटौती और अमेरिकी टैरिफ के दबाव के बीच वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी विकास दर में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। अर्थव्यवस्था जुलाई-सितंबर तिमाही में 8.2% की दर से बढ़ी है। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 5.6% थी। जीडीपी ग्रोथ के आंकड़ों में उछाल इतनी बड़ी रही कि इसने जीडीपी के सारे अनुमानों का पीछे छोड़ दिया। ज्यादातर विशेषज्ञ जीडीपी ग्रोथ में 7 से 7.3 फीसदी की वृद्धि का अनुमान जता रहे थे।



ज्यादातर विशेषज्ञ 7 से 7.3% की वृद्धि का अनुमान जता रहे थे

**पिछली तिमाही की वृद्धि दर 5.6 प्रतिशत थी**

28 नवंबर को सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था ने लगातार तीसरी तिमाही में अपनी शानदार रफ्तार जारी रखी है, जुलाई-सितंबर में जीडीपी ग्रोथ रेट 6 तिमाहियों के उच्चतम स्तर 8.2 प्रतिशत पर पहुंच गया। जबकि पिछली तिमाही में यह 7.8 प्रतिशत थी।

#### पीएम ने सराहना की

जीडीपी के आंकड़ों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्साह जताया है। उन्होंने कहा कि दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 8.2% काफी उत्साहजनक है। ये सरकार के बड़े फैसले और पॉलिसी रिफॉर्म्स का नतीजा है। पीएम मोदी ने कहा कि आर्थिक सुधारों को जारी रखा जाएगा और ईज ऑफ लिविंग को मजबूत करते रहेंगे।

#### विनिर्माण क्षेत्र का अच्छा प्रदर्शन

विनिर्माण क्षेत्र ने सबसे शानदार प्रदर्शन करते हुए 9.1% की वृद्धि दिखाई, जबकि कृषि क्षेत्र 3.5% पर रहा। खपत के मोर्चे पर आम लोगों का निजी उपभोग 7.9% बढ़ा, जो पिछले साल के 6.4% से काफी बेहतर है। निवेश के संकेतक पूंजी निर्माण में भी 7.3% की मजबूत वृद्धि दर्ज हुई।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद बढ़ी रेटिंग भारत तीसरी सबसे बड़ी ताकत

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट ने शुक्रवार को बताया कि भारत अब एशिया पावर इंडेक्स-2025 में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी ताकत बन गया है। रैंकिंग में अमेरिका पहले और चीन दूसरे नंबर पर है। रिपोर्ट के मुताबिक ये दर्जा तेज आर्थिक वृद्धि और बढ़ती सैन्य क्षमता के आधार पर मिला है। ऑपरेशन सिंदूर में भारत के प्रदर्शन ने भी डिफेंस रेटिंग बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। 2024 में भारत 38.1 स्कोर के साथ मध्यम ताकत की श्रेणी में था। 2025 में स्कोर बढ़कर 40 पॉइंट हो गया, जिसके बाद भारत बड़ी ताकत की श्रेणी में शामिल हो गया।



अमेरिका पहले और चीन दूसरे स्थान पर

**2025 में स्कोर 38.1 से बढ़कर 40 हुआ, जापान चौथे स्थान पर**

#### पाक 14.5 पॉइंट के साथ 16वें नंबर पर

लिस्ट में भारत के बाद जापान चौथे नंबर पर है जबकि पाकिस्तान 14.5 पॉइंट के साथ 16वें नंबर पर है। अमेरिका का कुल स्कोर 1.2 पॉइंट घटा है। एशिया पावर इंडेक्स 27 देशों का 131 पैरामीटर्स पर मूल्यांकन करता है। इसमें संसाधन, अर्थव्यवस्था, सैन्य शक्ति और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव शामिल हैं।

### एमबीए की पढ़ाई करने गया था, यूनिवर्सिटी से कमरे पर लौटते समय चाकू से हमला

# चरखी दादरी के युवक की इंग्लैंड में निर्मम हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा (च.दादरी)

गांव जगरामबास के युवक की इंग्लैंड की यूनिवर्सिटी से वापस लौटते समय सोमवार को बर्मिंघम शहर में निर्मम हत्या कर दी गई है। स्थानीय पुलिस ने मृतक के लिफ्ट देने के बाद उनकी हत्या करने की सूचना दी है। वहीं हत्या के आरोप में भारत के चार से पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया है। करीब 10 दिन पहले विजय ने अपने बड़े भाई रवि कुमार, जो भारतीय सेना में जवान हैं, को वीडियो कॉल कर बताया था कि वह जनवरी में पढ़ाई पूरी कर लेगा और फरवरी में घर आने वाला है। लेकिन बुधवार देर शाम लंदन पुलिस का फोन आया कि सोमवार को विजय की तेजधार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई है।

#### शराब के नशे में थे युवक

रवि कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वारदात के समय पांच युवक शराब के नशे में थे। विजय यूनिवर्सिटी से अपने कमरे की ओर लौट रहा था, तभी रास्ते में आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। उसकी छाती और पेट में कई वार किए गए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। विजय की बहन मोनिका और जीजा भी पिछले सात साल से लंदन में रहते हैं। उसके जीजा पहले एसबीआई में पीओ पद पर थे, बाद में डिपुटेशन पर लंदन गए।

#### शव के भारत आने में लगेगा समय

लंदन पुलिस ने मामले में पांच भारतीय मूल के युवकों को गिरफ्तार किया है, जिनका संबंध कुरुक्षेत्र, सहारनपुर और दिल्ली से बताया जा रहा है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही विजय का शव भारत भेजा जाएगा, जिसे आने में करीब दस दिन लग सकते हैं।

## मुख्य कोच बने रहेंगे गंभीर, हार के बावजूद बोर्ड ने जताया भरोसा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले एक साल में टीम इंडिया को घर पर दो टेस्ट सीरीज में मिली हार के बाद भले ही आलोचना तेज हो गई हो, लेकिन इसके बावजूद गौतम गंभीर भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल कोचिंग सेटअप में किसी बदलाव पर विचार नहीं किया जा रहा है। एक बोर्ड अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि वह तीनों फॉर्मेट के हेड कोच बने रहेंगे, किसी बदलाव पर विचार नहीं हो रहा। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 0-2 की टेस्ट सीरीज हार ने भारतीय क्रिकेट के आत्मविश्वास पर बड़ा असर डाला है। इससे पहले नवंबर 2024 में न्यूजीलैंड ने भी भारत को 0-3 से क्लीन स्वीप किया था। गुवाहाटी टेस्ट में 408 रन की करारी हार के बाद फैन्स ने गौतम गंभीर की काफी आलोचना की थी। यह हार भारत की टेस्ट इतिहास में रनों के अंतर से सबसे बड़ी हार थी।



बीसीसीआई का अभी बदलाव पर विचार नहीं

**अफ्रीका और न्यूजीलैंड से मिली थी करारी हार**

## भारत-अमेरिका ने किए 7000 करोड़ से अधिक के प्रस्तावों पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय से जुड़े दो महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आए हैं। जिनमें से पहले में मंत्रालय ने अमेरिका की सरकार के साथ करीब 7 हजार 995 करोड़ रुपये के भारतीय नौसेना से जुड़े हुए एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव और स्वीकृति पत्रों पर हस्ताक्षर किए हैं। जबकि दूसरे में चाणक्य रक्षा संवाद-2025 के समापन समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत वर्तमान वैश्विक परिवेश में संतुलन और जिम्मेदारी की आवाज बन गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि समझौते की मदद से नौसेना के एमएच60आर हेलीकॉप्टरों के जंगी बेड़े को सहायता और अनुवर्ती आपूर्ति सहायता के जरिए 5 साल की अवधि के लिए लगातार समर्थन प्रदान किया जा सकेगा। नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में अमेरिका के विदेशी सैन्य बिक्री कार्यक्रम के तहत इन स्वीकृति पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

**चाणक्य रक्षा संवाद में बोले राजनाथ, वैश्विक दक्षिण के देशों की नजर में भारत एक भरोसेमंद साझेदार**

### शवों को लेकर पहुंचा पुलिस थाना, किया आत्मसमर्पण

## अवैध संबंधों के चलते बेटे ने मां और प्रेमी को उतारा मौत के घाट

**सिरसा (हरिभूमि न्यूज)।** निकटवर्ती गांव सिकंदरपुर थेहड़ में अवैध संबंधों के चलते बेटे द्वारा मां और उसके प्रेमी की हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हैरत की बात है कि आरोपी बेटा दोनों शवों को एक पिकअप गाड़ी में डालकर पुलिस थाना में पहुंचा और स्वयं को गुनहगार बताते हुए पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पिकअप चालक ने अपना नाम राजकुमार पुत्र पालाराम बताया।



सिरसा के सदर थाने में खड़ी पिकअप गाड़ी

उसने बताया कि उसकी मां अंगूरी देवी के इसी गांव निवासी लेखचंद से अनैतिक संबंध थे।

#### गुस्से में आपा खोया

राजकुमार ने कई बार दोनों को समझाया भी लेकिन वे नहीं मानें। गुरुवार रात्रि करीब 2 बजे आहट होने पर जब वह जागा तो उसने अपनी मां को प्रेमी लेखचंद के साथ आपत्तिजनक हालात में पाया। जिस कारण वह गुस्से में अपना आपा खो बैठा और उसने अपनी मां का चुन्नी से गला दबाकर मार डाला। इसके बाद उसने मां के प्रेमी लेखचंद की भी गला दबाकर हत्या कर डाली।






## वार्षिक शिखर सम्मेलन में मोदी के साथ करेंगे शिरकत

### दोनों शीर्ष नेताओं के बीच विशेष सामरिक भागीदारी सहित क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर होगी चर्चा

# चार दिसंबर से भारत की दो दिवसीय यात्रा पर रहेंगे रूस के राष्ट्रपति पुतिन

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** अगले महीने 4 दिसंबर से रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत की दो दिवसीय (4 से 5 दिसंबर तक) आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसके लिए उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आमंत्रित किया है। रूस के राष्ट्रपति की इस भारत यात्रा का उद्देश्य नई दिल्ली में आयोजित किया जाने वाला 23 वां भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर बताया कि यह यात्रा दोनों देशों के शीर्ष नेता द्विपक्षीय संबंधों (रक्षा, व्यापार, तकनीक, विज्ञान-प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, सांस्कृतिक सहयोग) की प्रगति, विशेष-विशिष्ट सामरिक भागीदारी को मजबूती प्रदान करने और साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे।

### रक्षा, व्यापार संबंधों में आएगी तेजी

#### यूक्रेन विवाद पर होगी चर्चा

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति पुतिन के बीच होने वाली बातचीत में शामिल होने वाले अंतरराष्ट्रीय मामलों में यूक्रेन विवाद का मसला भी प्रमुखता से शामिल किया जा सकता है। भारत ने वर्ष 2022 में ही युद्ध की शुरुआत के तुरंत बाद से समस्या का समाधान बातचीत और कूटनीति के जरिए निकालने की वकालत की थी। इसके बाद मोदी ने मॉस्को, कीव में हुई द्विपक्षीय मुलाकातों में भी कहा था कि समस्या का समाधान युद्धक्षेत्र में नहीं निकाला जा सकता है।



#### भारत को मिलेंगी अतिरिक्त एस-400?

रक्षा क्षेत्र के जानकारों के मुताबिक, रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा में रक्षा क्षेत्र से जुड़े हुए कुछ जरूरी सैन्य-सामरिक विषयों पर भी चर्चा की जा सकती है। जिनमें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के छक्के छुड़ाने वाली एस-400 वायु रक्षा प्रणाली की अतिरिक्त खेप और सु-57 लड़ाकू विमान की 2 स्क्वाड्रन की खरीद का मसला शामिल है। भारत ने अमेरिका की पाबंदियों वाली तमाम धमकियों के बावजूद 2018 में रूस से एस-400 की 5 रेजिमेंट की खरीद के लिए 5.4 अरब डॉलर का एक समझौता किया था। तीन रेजिमेंट मिल चुकी हैं, बाकी बची हुई दो अगले वर्ष 2026 के मध्य में सौंपी जाएगी।

#### एस-400 पर नहीं होगी कोई घोषणा : सिंह

उधर, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने 28 नवंबर को एक निजी न्यूज एजेंसी के कार्यक्रम के दौरान कहा कि रूस के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के संबंध में एस-400 के मुद्दे को खारिज तो नहीं किया जा सकता है। लेकिन पुतिन की यात्रा के दौरान इसे लेकर कोई समझौता होने की संभावना फिलहाल नहीं है। भारतीय रक्षा पक्ष का जोर प्राथमिक रूप से लंबित पड़े हुए समझौतों को गति प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करने पर रहेगा। इनमें सुखोई-30 एमकेआई विमान का मामला भी शामिल है।

# विकसित भारत 2047 का मार्ग 'वोकल फॉर लोकल' : सैनी

## मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ से 'आत्मनिर्भर भारत रेल यात्री-संपर्क अभियान' की शुरुआत की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने का रास्ता वोकल फॉर लोकल से होकर ही गुजरेगा। यह लक्ष्य तभी हासिल होगा जब देश में बनी वस्तुओं का अधिकतम उपयोग होगा और लोकल उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन से आत्मनिर्भर भारत रेल यात्री-संपर्क अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी मौजूद रहे।

यह अभियान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए विकसित भारत 2047 और वोकल फॉर लोकल के आह्वान को आमजन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर जाकर तथा ट्रेन में मौजूद यात्रियों से संपर्क कर 'आत्मनिर्भर भारत' के पत्रक वितरित किए।



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन से आत्मनिर्भर भारत रेल यात्री-संपर्क अभियान की शुरुआत की। इस दौरान एक यात्री को प्रचार प्रचार सामग्री वितरित करते सैनी।

### कांग्रेस ने भ्रष्टाचार में विश्वास रखा



इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 2014 में भारत दुनिया की 12वीं–13वीं अर्थव्यवस्था था, लेकिन मोदी के नेतृत्व में केवल 11 वर्षों में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन चुका है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि लोकल उत्पादों के उपयोग, उत्पादन को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भरता को अपनाने से भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा।उन्होंने रेलवे विकास का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देशभर में रेल और सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया गया है। रेलवे स्टेशन एयरपोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो रहे हैं। चंडीगढ़, पंचकूला रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कायाकल्प किया जा रहा है। यह अभूतपूर्व विकास का उदाहरण है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में केवल भ्रष्टाचार में विश्वास रखा, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा विकास को प्राथमिकता दी है।


हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैफेड | हैफेड ब्रांड में क्रश टीयर कर्ल (सीटीसी) चाय की आपूर्ति हेतु। | 28.11.2025 19.12.2025 | 50,000/- | www.hafed.gov.in | 1722920520 hafed@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/40730/I/88/6 दि. 28.11.25



हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में विभिन्न स्थानों पर सीसीएमएस पैनल सहित एलईडी स्ट्रीट लाइट की स्थापना। | बंद होने की तिथि 10.12.2025 | 2,48,76,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/40725/I/88/6 दि. 28.11.25



हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद नारनौल | एम.सी. नारनौल में राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में स्वच्छ जल की आपूर्ति हेतु बोरवेल की स्थापना + 7 कार्य। | 26.11.2025 03.12.2025 | 46,34,160/- | https://etenders.hry.nic.in | 9255126426 ec-narnaul@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/40718/I/88/6 दि. 28.11.25


## हरियाणा में वोट चोरी पर बढ़ी चर्चा, चुनाव आयोग को भाजपा एजेंट की तरह काम करना बंद कर देना चाहिए : सैलजा

चंडीगढ़। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कहा कि हरियाणा में वोट चोरी का मुद्दा जनता के बीच सबसे अधिक चर्चा का विषय इसलिए बना है क्योंकि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लोगों की वास्तविक पीड़ा को बेझिझक उजागर किया है। अब यह विपक्ष की जिम्मेदारी है कि इस गंभीर विषय को व्यापक स्तर पर उठाते हुए जन-जन को जागरूक किया जाए। दूसरी ओर चुनाव आयोग को भाजपा एजेंट की तरह काम करना बंद कर देना चाहिए। कांग्रेस की ओर से हरियाणा में जारी वोट चोर गद्दी छोड़ प्रदर्शन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद कुमारी सैलजा ने बिहार विधानसभा चुनावों में भाजपा के अत्यधिक स्ट्राइक रेट पर गंभीरता से शोध करे। जमीन पर जो जनभावना दिखाई दे रही थी, परिणाम उससे मेल नहीं खाते। ऐसे में पारदर्शिता और निष्पक्ष विश्लेषण अनिवार्य है ताकि लोकतांत्रिक विश्वास बना रहे।

**बिहार में भाजपा के स्ट्राइक रेट पर भी मांगी जांच**



## पंजाब सीएम रोहतक आकर खिलाड़ी को श्रद्धांजलि दे रहे हैं और हरियाणा सीएम इवेंट प्रमोशन में व्यस्त हैं : अनुराग ढांडा

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया इंचार्ज अनुराग ढांडा ने शुक्रवार को रोहतक में बास्केटबॉल पोल गिरने से राष्ट्रीय स्तर के युवा खिलाड़ी की मौत के मामले में हरियाणा सरकार पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह कोई सामान्य हादसा नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और बीजेपी सरकार की उपेक्षा का परिणाम है। हरियाणा भर में स्टेडियम जर्जर हैं, कहीं पोल टूटे हुए हैं तो कहीं स्टेडियमों में घास उगी हुई है। इतनी खस्ताहालत के बावजूद बीजेपी सरकार सोती रही और खिलाड़ियों ने अपनी जान गंवा दी। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने रोहतक में पहुंचकर खिलाड़ी को श्रद्धांजलि दे रहे हैं, परिवार का दुख बांट रहे हैं। उसी समय हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इवेंट प्रमोशन में व्यस्त थे। खिलाड़ियों की मौत से पूरा राज्य दुख में है, पर सरकार की प्राथमिकता कहीं और है। यही हरियाणा का सबसे बड़ा दुर्भाग्य है। राज्य में खेल स्टेडियमों की हालत इतनी खराब हो चुकी है।

**राष्ट्रीय मीडिया इंचार्ज का सीएम सैनी पर पलटवार**



## हरियाणा का दुर्भाग्य, पंजाब का सीएम मृतक खिलाड़ी को दे रहा था श्रद्धांजलि मुख्यमंत्री टेस्ला कार का कर रहे थे प्रचार

चंडीगढ़। इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला ने कहा कि इससे बड़ा हरियाणा प्रदेश का दुर्भाग्य और क्या होगा कि पंजाब का मुख्यमंत्री रोहतक में मृतक बास्केटबॉल खिलाड़ी को श्रद्धांजलि दे रहा था वहीं हरियाणा का मुख्यमंत्री टेस्ला कार के शोरूम पर जाकर कर टेस्ला कंपनी का प्रचार रहा था। क्या टेस्ला कंपनी ने उनकी कार का प्रचार करने का पैसा मुख्यमंत्री को दिया है? जो किसी प्रोडक्ट के प्रचार का काम सेलेब्रिटी पैसे लेकर करते हैं वो एक मुख्यमंत्री का काम नहीं है। ट्रंप ने भी टेस्ला कार की मुनादी की थी और टेस्ला को सबसे खराब कार करार दिया था। मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा मृतक खिलाड़ियों की अनदेखी करना, खिलाड़ियों के परिवारों की सरासर बेइज्जती करना है। मुख्यमंत्री हरियाणा की जनता के साथ भद्दा मजाक कर रहा है। मुख्यमंत्री स्वयं कह चुके हैं प्रशासन में उनकी नहीं चलती और वो एक चपड़ासी की बदली भी नहीं कर सकते। इस बात से इस बात पर भी मुहर लग गई है कि हरियाणा का मुख्यमंत्री पूरी तरह से डमी है। हरियाणा के मुख्यमंत्री को और कोई काम ही नहीं है। हरियाणा प्रदेश में कानून व्यवस्था का भट्ठा बैठा हुआ है। बेरोजगारी पूरे देश मे सबसे ज्यादा हरियाणा में है।

**इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय चौटाला का प्रहार**




## कार्यालय जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, नारनौल

### ई-निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रबी व खरीफ सीजन 2026-27 के लिए नारनौल (महेन्द्रगढ़) जिले की नारनौल, नांगल चौधरी, अटेली, महेन्द्रगढ़, सतनाली तथा कनीना मण्डी में परिवहन कार्य तथा श्रम एवं दुलाई कार्य हेतु सभी राजकीय खरीद संस्थाएं, खाद्य एवं पूर्ति विभाग, हैफेड एवं हरियाणा वेयर हाउस के लिए परिवहन कार्य तथा श्रम एवं दुलाई कार्य हेतू ठेकेदारों से ई-टैण्डर प्रक्रिया के माध्यम से ई-टैण्डर आमंत्रित किए जाते हैं तथा ई-टैण्डर की नियम व शर्तें विभाग की वैबसाईट https://etenders.hry.nic.in & haryanafood.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। उपरोक्त ई-टैण्डर निम्न अनुसार उपायुक्त महोदय नारनौल की अध्यक्षता में खोले जाएगें :-

| कार्य | ऑनलाईन टैंडर डालने की तिथि | ऑनलाईन टैण्डर डालने समाप्ती की तिथि | तकनीकी बोली खोलने का समय | फाईनेनशियल बोली खोलने का समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| परिवहन कार्य तथा श्रम एवं ढुलाई कार्य | 01.12.2025 प्रातः 09:00 बजे से | 08.12.2025 प्रात 5:00 बजे तक | 09.12.2025 प्रातः 09:00 बजे | 11.12.2025 दोपहर 02:00 बजे | कमरा नं. 311, तीसरी मंजिल, लघु सचिवालय नारनौल |

हस्ता/- जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक, नारनौल
पीआरडीएच-1042/11/128/2026/40736/88/6 दि. 28.11.25


## वरिष्ठ कर्मचारियों के वेतन स्टेपिंग-अप वित्तीय शक्तियां री-डेलीगेट करने के निर्देश

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने वरिष्ठ कर्मचारियों के वेतन/एसीपीएल को कनिष्ठ कर्मचारियों के बराबर स्टेपिंग-अप किए जाने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के सम्बन्ध में महत्त्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। साथ ही, वित्तीय शक्तियां री-डेलीगेट करने से जुड़े पीएफआर वॉल्यूम-1 के नियम 19.1 के नीचे नोट 5 के सम्बन्ध में भी स्थिति स्पष्ट की गई है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, जिनके पास वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का दायित्व भी है, द्वारा इस सम्बन्ध में दो अलग-अलग पत्र जारी किए गए हैं। वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है कि 20 दिसम्बर, 2024 को जारी निर्देशों के अनुसार, वरिष्ठ कर्मचारी का वेतन/एसीपीएल कनिष्ठ कर्मचारी के बराबर तभी स्टेपिंग-अप किया जा सकता है जब वरिष्ठ कर्मचारी एचसीएस (एसीपी) नियम, 2016 के तहत एसीपी के पात्र हों। हालांकि, यदि कनिष्ठ कर्मचारी को व्यक्तिगत कारणों से अधिक वेतन प्राप्त हो रहा है तो उस स्थिति में स्टेपिंग-अप देय नहीं होगा।

## अब तक 6011 अपराधी पहुंचे सलाखों के पीछे

**5 नवंबर से शुरू ऑपरेशन ट्रैकडाउन, 1735 कुख्यात तथा 4276 अन्य अपराधी गिरफ्तार**

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस के राज्यव्यापी अभियान ऑपरेशन ट्रैकडाउन ने शुरू होने के बाद से बड़ी सफलता दर्ज की है। 5 नवंबर से अब तक 1735 कुख्यात अपराधियों और 4276 अन्य आरोपियों को मिलाकर कुल 6011 अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह दिखाता है कि हरियाणा पुलिस पूरे मिशन मोड में अपराध को खत्म करने के लिए काम कर रही है। 27 नवंबर को ही 79 खतरनाक अपराधियों और 297 अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी इस अभियान की बड़ी उपलब्धि है। इन लगातार की जा रही कार्रवाइयों से अपराधियों में डर बढ़ा है और आम जनता में सुरक्षा व भरोसे की भावना और मजबूत हुई है। फतेहाबाद पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए आदतन अपराधी रोहित उर्फ रोनी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। गश्त कर रही टीम ने सूचनाबद्ध कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ लिया।


### अनुसंधान नेशनल रिसर्च फ़ाउंडेशन (एएनआरएफ)

### आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तिथि बढाए जाने संबंधी सूचना

यह एएनआरएफ की विज्ञापन सूचना संख्या 1/2025 के संदर्भ में है, जिसे रोजगार समाचार दिनांक 25-31 अक्टूबर, 2025 में प्रकाशित किया गया था, जिसके माध्यम से योग्य उम्मीदवारों से निम्नलिखित पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे:

| | पद | वेतन मैट्रिक्स में स्तर | पदों की संख्या | भर्ती की विधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (i) | वैज्ञानिक जी | वेतन मैट्रिक्स (रु.144200-218200) में स्तर -14) | 04 | प्रतिनियुक्ति आधार पर |
| (ii) | निदेशक | वेतन मैट्रिक्स (रु.123100-215900) में स्तर -13 | 02 | |
| (iii) | अवर सचिव | वेतन मैट्रिक्स (रु.67700-208700) में स्तर -11 | 02 | |
| (iv) | लेखा अधिकारी | वेतन मैट्रिक्स (रु.53100-167800) में स्तर -9 | 01 | पदोन्नतिध/अल्पकालिक संविदा सहित प्रतिनियुक्ति. |

- इस संबंध में, यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त पदों के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि निम्नानुसार बढ़ा दी गई है :-

| | से बढ़ाकर | तक कर दी है |
|---|---|---|
| दूरदराज क्षेत्रों के उम्मीदवारों के लिए | 15.12.2025 05.30 शाम | 14.01.2026 05.30 शाम |
| दूरदराज क्षेत्रों से इतर अन्य क्षेत्रों में रहने वाले उम्मीदवारों के लिए | 01.12.2025 05.30 शाम | 31.12.2025 05.30 शाम |

- रोजगार समाचार दिनांक 25-31 अक्टूबर, 2025 में प्रकाशित उपरोक्त विज्ञापन के संदर्भ में पहले से आवेदन कर चुके उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे एएनआरएफ पोर्टल recruitment.anrf.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करें।
- नए उम्मीदवारों से भी अनुरोध है कि वे एएनआरएफ पोर्टल recruitment.anrf.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करें। सभी संलग्नकों सहित मूल आवेदनपत्र एएनआरएफ के कार्यालय में बढ़ाई गई अंतिम तारीख से पूर्व अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिए।
- उक्त पदों के संबंध में विस्तृत विज्ञापन में दिए गए अन्य सभी विवरण/नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

(निदेशक)

CBC-36130/11/0008/2526


**मुख्यमंत्री का पंजाब के सीएम पर खिलाड़ी मौत मामले में हमला**

# मान सियासत करने हरियाणा आए, पंजाब में नशे पर बताएं

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के युवा राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी की मौत के मामले में सियासत तेज हो गई है। मामले में एक दिन पहले पंजाब के सीएम भगवंत मान और आप नेता हरियाणा आकर पीड़ित परिवार से मिले थे। इस पर सीएम हरियाणा नायब सिंह सैनी ने नाराजगी जाहिर करते हुए नसहीत दी है कि मान को युवा की मौत पर सियासत नहीं करनी चाहिए, वे पंजाब में नशे और ड्रग से होने वाली मौतों के बारे में बताएंगें। सत्ता में आने के पहले वादों पर क्या रहा ? सैनी ने मजाहिया लहजे में कहा कि पांच बजे तक तो सारा कुछ ठीक रहता है, उसके बाद में ना जाने मान साहब को क्या हो जाता है? नायब सैनी हरियाणा सीएम ने चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर मीडिया से बातचीत में सीएम पंजाब भगवंत मान और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पंजाब के खिलाड़ी गोल्ड मेडल सिल्वर मेडल कांस्य पदक लेकर आते हैं, तो मैं खुशी मनाता हूं, मैं खुद ताली बजाकर खुशी मनाता हूं। लेकिन मान साहब युवा की मौत जैसे मुद्दों पर राजनीति करना ग़लत है।

### पंजाब में एक माह में नशा समाप्त हो गया क्या ?

सीएम हरियाणा नायब सिंह सैनी ने सीएम पंजाब से सवाल किया और कहा कि वे एक माह में नशा समाप्त कर देने का वादा कर आए थे। पंजाब में मान और केजरीवाल ने कहा था पंजाब में नशा एक माह में खत्म कर दिया जाएगा लेकिन कोई वादा पूरा नहीं किया। सैनी ने चिंता जाहिर की और कहा कि पंजाब उपचुनाव में गया था वहां के बुजुर्ग कह रहे थे कि हमें नौकरी नहीं चाहिए हमारे बच्चों को केवल नशे से दूर करा दो...।

**सीएम ने चुटकी ली:** सैनी ने कहा कि मान सुबह से शाम को 5 बजे तक तो ठीक रहता है, लेकिन अंधेरा होने के बाद मान को कुछ नहीं पता है। मान हरियाणा में आए अच्छी बात कर रहे हैं लेकिन पंजाब को संभाल लें और उनके यहां पर मैदान में खिलाड़ी को गोली मार दी गई क्या उन्होंने अपने गिरेबान में झांका।

### मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा- दोबारा इस तरह का हादसा नहीं हो

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा लाखन माजरा में हुई घटना बेहद ही दुखद घटना है। देश के खिलाड़ी सकते में है, ग्राउंड में बच्चे जाते हैं, उनकी लाश स्टेडियम से आएगी क्या इस गांव में इंटरनेशनल प्लेयर हैं, सबका मनोबल गिरा है। मान ने कहा कि राष्ट्रीय खेल मंत्री को इसका संज्ञान अभी तक क्यों नहीं लिया गया ? पिछली बार भी कॉमनवेल्थ खेलों में काफी किरकिरी हुई थी। मान ने कहा कि यह दूसरी घटना है, बहादुरगढ़ में घटना हुई।

### मेरी ग्रांट का उपयोग नहीं करतेः हुड्डा

कांग्रेस के नेता और सांसद रोहतक दीपेंद्र हुड्डा का कहना है कि खिलाड़ी की मौत नहीं बल्कि यह तो हत्या है। जिला खेल अधिकारी को निलंबित कर पल्ला झाड़ा जा रहा है। जबकि यह हत्या का केस दर्ज होना चाहिए। पैसा होने के बावजूद खेल स्टेडियमों में काम नहीं हो रहा, दुर्भाग्य देखिये राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी की जान चली गई। विपक्षी सांसद होने के कारण मेरी ग्रांट का भी उपयोग नहीं किया जाता।

### सियासत कर रहे कांग्रेसीः गौरव

प्रदेश के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम का कहना है कि पूरे मामले में दोषियों पर कार्रवाई होगी। जिला खेल अधिकारी को निलंबित कर गया है। लेकिन कांग्रेसी सांसद दीपेंद्र व बाकी नेता सियासत करने से बाज नहीं आ रहे। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है। हमने पूरे राज्य के सभी खेल स्टेडियमों और जिला खेल अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। एक होनहार खिलाड़ी के जाने का पूरे प्रदेश को दुख है, जिसमें हमने पूरी कार्रवाई की है। जिला खेल अधिकारी को संस्पेंड किया है, खेल नर्सरी को भी निलंबित कर दिया है। आने वाले वक्त में जांच के बाद में कड़ी कार्रवाई व कड़ा कदम उठा रहे हैं।


## अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ)

### आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तिथि बढ़ाए जाने संबंधी सूचना

यह एएनआरएफ की विज्ञापन सूचना संख्या 2/2025 के संदर्भ में है, जिसे रोजगार समाचार दिनांक 25-31 अक्टूबर, 2025 में प्रकाशित किया गया था, जिसके माध्यम से योग्य उम्मीदवारों से निम्नलिखित पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे :

| | पद | वेतन मैट्रिक्स में स्तर | पदों की संख्या | भर्ती की विधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (i) | वैज्ञानिक-डी | वेतन मैट्रिक्स (रु.78800-209200) में स्तर-12 | 02 (अनारक्षित-2) | प्रतिनियुक्ति/ सीधी भर्ती |
| (ii) | वैज्ञानिक-सी | वेतन मैट्रिक्स (रु.67700-208700) में स्तर-11 | 05+(अनारक्षित-2 अन्य पिछड़ा वर्ग -01 अनुसूचित जाति -01 अनुसूचित जनजाति-01) | सीधी भर्ती |

* पाँच वैज्ञानिक-सी पदों में से एक पद, बेंचमार्क दिव्यांगजन (PwBD) उम्मीदवारों के लिए भी आरक्षित है।
* इस संबंध में यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त पदों के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि निम्नानुसार बढ़ा दी गई है :-

| | से बढ़ाकर | तक |
|---|---|---|
| दूरदराज क्षेत्रों के उम्मीदवारों के लिए | 29.12.2025 05.30 शाम | 28.01.2026 05.30 शाम |
| दूरदराज क्षेत्रों से इतर अन्य क्षेत्रों में रहने वाले उम्मीदवारों के लिए | 15.12.2025 05.30 शाम | 14.01.2026 05.30 शाम |

* **प्रतिनियुक्ति :**
(i) वे उम्मीदवार, जिन्होंने पूर्व में रोजगार समाचार दिनांक 25-31 अक्टूबर, 2025 में प्रकाशित उक्त विज्ञापन के निमित्त आवेदन किया था, उनसे अनुरोध है कि वे एएनआरएफ पोर्टल recruitment.anrf.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें।
(ii) नए आवेदकों से अनुरोध है कि वे एएनआरएफ पोर्टल recruitment.anrf.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें। सभी संलग्नकों सहित मूल आवेदनपत्र एएनआरएफ के कार्यालय में बढ़ाई गई अंतिम तारीख से पूर्व अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिए।

* **प्रत्यक्ष भर्ती ( Direct recruits ):**
(i) वे उम्मीदवार, जिन्होंने पूर्व में रोजगार समाचार दिनांक 25-31 अक्टूबर, 2025 में प्रकाशित उक्त विज्ञापन के निमित्त आवेदन किया था, उनसे अनुरोध है कि वे एएनआरएफ पोर्टल recruitment.anrf.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें।
(ii) नए आवेदकों से अनुरोध है कि वे एएनआरएफ पोर्टल recruitment.anrf.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें। सभी संलग्नकों सहित मूल आवेदनपत्र एएनआरएफ के कार्यालय में बढ़ाई गई अंतिम तारीख से पूर्व अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिए।

* उक्त पदों के संबंध में विस्तृत विज्ञापन में दिए गए अन्य सभी विवरण/नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

सीबीसी 36130/11/0006/2526 (निदेशक)



हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कैथल | न्यायालय परिसर कैथल में 2 अदद कोर्ट रूम हेतु अस्थायी संरचना का निर्माण। | बंद होने की तिथि 08.12.2025 | 68.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896320998 pwd-eepd-kaithal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | न्यायालय परिसर गुरूग्राम की विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 09.12.2025 | 139.38 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज अम्बाला | एमपीएलएडी गांव बैलोपुर खण्ड नारायणगढ़ में वाल्मिकी चौपाल के साथ शैड का निर्माण। | 26.11.2025 02.12.2025 | 3.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 4 | सिंचाई सिरसा | पाना माइनर के आरडी 34500 से 48896 टेल तक डेसू सेक्शन (डबवाली ब्लॉक-रबी 2025-26) की आंतरिक और बाह्य सफाई और गाद निकालने + 1 कार्य हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 02.12.2025 | 1,98,107/- | https://etenders.hry.nic.in | 1666235426 btech.sulekha@gmail.com |
| 5 | सिंचाई फतेहाबाद | खेड़ी डिस्टी. 69000-157000 की सफाई + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.12.2025 | 13,35,796/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466751554 xenwsdivisionfbd@yahoo.com |
| 6 | खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता कल्याण मंत्रालय, हरियाणा | मण्डीवार श्रम और कार्टेज हरियाणा राज्य की जिला स्तरीय, परिवहन मण्डीवार निविदा जिला स्तरीय हरियाणा राज्य में। | 01.12.2025 08.12.2025 | - | https://haryanafood.gov.in | 8427441122 somp.food1@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज अम्बाला | मिर्जापुर माजरा से मिर्जापुर काठ तक गांव मिर्जापुर काठ ब्लॉक नारायणगढ़ में आरसीसी पाइप लाइन बिछाने हेतु डिस्क्रिशनरी ग्रांट। | 26.11.2025 02.12.2025 | 21.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम हरियाणा में नये न्यायिक कम्पलैक्स 'टावर ऑफ जस्टिस' में सहायक उपकरणों के साथ अग्नि पम्पों की स्थापना। | बंद होने की तिथि 09.12.2025 | 82.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम हरियाणा में नये न्यायिक कम्पलैक्स 'टावर ऑफ जस्टिस' में कोर्ट रूम्स और चेम्बर में वॉल पैनलिंग, स्टोरेज यूनिट और अन्य सहायक उपकरणों सहित आंतरिक लकड़ी कार्य हेतु। | बंद होने की तिथि 09.12.2025 | 623.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई सिरसा | नाथोर माइनर आरडी 0 से 41260-टेल तक की आंतरिक सफाई + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.12.2025 | 2.78 लाख | hid.gov.in | 9996665761 xensrs.swd1925@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/200/40726/I/88/6 दि. 28.11.25




## खबर संक्षेप

### सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर योगदान की अपील

**चंडीगढ़।** राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 07 दिसम्बर को 'सशस्त्र सेना झण्डा दिवस' के अवसर पर प्रदेशवासियों को युद्ध विधवाओं, दिव्यांग सैनिकों तथा जरूरतमंद भूतपूर्व सैनिकों के पुनर्वास के पुनीत कार्य के लिए स्वेच्छा और खुले दिल से योगदान देने की अपील की है। संयुक्त अपील में कहा गया है, ''हर साल की तरह, इस साल भी हमारा राष्ट्र 07 दिसम्बर, 2025 को सशस्त्र सेनाओं के सम्मान में 'सशस्त्र सेना झण्डा दिवस' मना रहा है।

### नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा कल

**चंडीगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा राष्ट्रीय साधन व योग्यता छात्रवृति योजना परीक्षा का आयोजन 30 नवम्बर, 2025 को करवाया जा रहा है। इस परीक्षा में प्रदेशभर में 57,268 परीक्षार्थी प्रविष्ट होंगे, जिसमें 23,031 छात्र, 34,233 छात्राएं व 4 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। यह परीक्षा 192 परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक संचालित करवाई जाएगी। इस आशय की जानकारी देते हुए बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि इस परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय स्तर पर परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। प्रमुख केन्द्र अधीक्षक उसी विद्यालय के प्राचार्य/ मुख्याध्यापक होंगे।

### 25 लाख की लूट में एक और आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने 25 लाख लाख की लूट के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर 100000 बरामद किए हैं। 24 नवंबर को सामुदायिक केंद्र सिही गेट के पास तीन नकाबपोश मोटर साइकिल सवारों द्वारा 25 लाख की लूट को अंजाम दिया गया। जिसमें नवीन, अभिषेक उर्फ अभी व अभिषेक वासी नारियाला को गिरफ्तार किया था। टीम ने एक और आरोपी कपिल निवासी नारियाला फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।

### कार चालक की हत्या में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** बाईपास रोडए सेक्टर 17-18 कट पर कार चालक की चाकू मारकर हत्या करने के मामले अपराध शाखा डीएलएफ की टीम ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। 23 नवंबर को शाम के समय बाईपास रोड सेक्टर 17-18 कट के पास एक कार चालक रविन्द्र की मोटरसाइकिल सवार लडक़ों ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। जिस पर थाना सेक्टर 17 में मामला पंजीकृत किया गया।

## गांव झिरबड़ी के समीप दो बदमाशों की टांग में लगी गोली

# सीआईए की तीन बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़, एक गिरफ्तार

- बदमाशों ने बीते दिनों दुकानदार पर चलाई थी गोलियां, इलाज के दौरान हुई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

सीआईए-2 पुलिस की जीटी रोड पर गांव झिरबड़ी के समीप बाइक सवार तीन बदमाशों के साथ मुठभेड़ में दो बदमाशों की टांग में गोली लगने से वे घायल हो गए। एक बदमाश को सुरक्षित काबू कर लिया गया है।

घायल बदमाशों को उपचार के लिए एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बदमाशों ने बीते दिनों सिरसला रोड पर एक दुकानदार पर गोलियां चलाई थी जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। बदमाशों की पहचान साहिल निवासी दिल्ली, नितिन निवासी रेलवे कॉलोनी कुरुक्षेत्र व अनमोल निवासी चरनाथल कॉलोनी कुरुक्षेत्र के तौर पर हुई है। साहिल और नितिन की टांग में गोली लगी है।

- घायल बदमाशों को एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती करवाया

सीआईए-2 के इंचार्ज मोहन लाल ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि बाइक पर तीन बाइक सवार हथियार लेकर घूम रहे हैं और बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। इसके बाद टीम गांव झिरबड़ी के पास पहुंची और तीनों युवकों को रोका। युवकों ने पुलिस को देखकर हथियार निकाल लिए। पुलिस टीम ने बदमाशों से हथियार डालने को कहा लेकिन बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी जिसमें दो बदमाशों की टांग पर गोली लगी है और एक बदमाश को सुरक्षित काबू कर लिया गया है।

सीआईए-2 के इंचार्ज मोहन लाल ने बताया कि पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि उन्होंने सिरसला रोड पर गांव रतन डेरा एरिया में एक दुकानदार पर गोलियां चलाकर उसे घायल कर दिया था जिसकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मौके पर चार से पांच राउंड फायर हुए। आरोपियों की तलाशी लेने पर आरोपियों से अवैध असला व रौंद बरामद हुए। आरोपियों से वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ थाना सदर थानेसर में मामला दर्ज करके आरोपियों को काबू किया।



कुरुक्षेत्र। एलएनजेपी अस्पताल में उपचाराधीन बदमाश। फोटो : हरिभूमि

### यह है मामला

*गौरतरब है कि 15 नवम्बर की शाम को पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि खेडी मारकंडा में एक मोटरसाईकिल पर तीन युवक आए और दुकानदार पर चोली चलाकर मौका से भाग गए थे। गोली लगने से दुकानदार राम चन्द्र घायल हुआ था। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सीन आफ क्राईम टीम द्वारा मौका का निरीक्षण करवाया गया था। घायल दुकानदार को ईलाज के लिए एलएनजेपी हस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल करवाया गया जहां से उसे पीजीआई चंडीगढ़ रैफर कर दिया था। पीजीआई में पीड़ति की ईलाज के दौरान मौत हो गई थी। दुकानदार के लडके विरेन्द्र उर्फ गोल्डी वासी सैक्टर-7 कुरुक्षेत्र के ब्यान पर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी तथा पुलिस अधीक्षक के आदेश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अपराध अन्वेषण शाखा की टीमें बनाई थी।*

### मोबाइल टावर से सेल चुराकर भाग रहे बदमाशों ने सुपरवाइजर पर की फायरिंग

**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद में सिक्योरिटी कंपनी के सुपरवाइजर पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। गोली उनके पास से होकर गुजरी। सुपरवाइजर अपनी गाड़ी से उनका पीछा कर रहे थे। बदमाश उनके मोबाइल टावर का शेल्टर तोड़कर सेल चुराकर भाग रहे थे। राव कासिम खेड़ी रंगडान जिला यमुनानगर ने बताया कि वे एक सिक्योरिटी कंपनी में सुपरवाइजर हैं। उनकी कंपनी टावरों की निगरानी का जिम्मा संभालती हैं। बुधवार-वीरवार रात करीब 1:48 बजे छपरी गांव के टावर से छेड़छाड़ करने का अलार्म बज उठा। उन्होंने तुरंत अपने ड्राइवर अंकुश निवासी टोपरा कलां को उठाया और अपनी कार घटनास्थल पर पहुंचे। यहां पहुंचते वक्त उन्होंने डायल-112 को कॉल कर दी थी। वे टावर के पास सड़क पर पहुंचे तो वहां एक इको कार खड़ी थी, जिसमें 4 संदिग्ध लोग सवार थे। कासिम ने बताया कि उनको देखते ही वे शुगर मिल शाहाबाद की ओर भागने लगे। तब उन्होंने भी अपनी गाड़ी से उनका पीछा करना शुरू कर दिया। पीछा होते देख बदमाश पिपली की ओर हाईवे पर मुड़ गए, लेकिन उन्होंने उनका पीछा करना नहीं छोड़ा। वे अपनी गाड़ी के सनरूफ से निकलकर उनकी गाड़ी का नंबर नोट करने की कोशिश कर रहे थे। शरीफ गढ़ फ्लाईओवर के नीचे ढाबे के पास पहुंचते ही बदमाशों की कार के आगे एक ट्रक था। उनकी कार भी बदमाशों की कार के नजदीक आ गई। इसी दौरान एक बदमाश ने चलती कार की खिड़की से निकलकर उस पर फायरिंग कर दी। वे उस समय अपनी गाड़ी के सनरूफ से बाहर निकल हुए थे। गोली उनके पास से निकल गई, उसके बाद बदमाश फरार हो गए। कासिम ने बताया कि घटाना के बाद वे वापस टावर लौट। यहां पर शेल्टर का ताला टूटा हुआ था। शेल्टर से 600 अल् बैटरी चोरी हो गई थी। हालांकि कि बदमाशों ने सब बैटरी खोल रखी थी, लेकिन अलार्म बजने के बाद वे मौके पर पहुंच गए। इसलिए बदमाश उन बैटरी को लोड नहीं कर पाए। थाना शाहाबाद के एसएचओ सुनील वत्स ने बताया कि शिकायत पर पुलिस ने अफटर एक्ट, हत्या की कोशिश समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

# गुरु तेग बहादुर की विरासत को सहेजने में हरियाणा देश में अग्रणी



- कुरुक्षेत्र में गुरु तेग बहादुर साहिब का 350 वां शहीदी दिवस मनाया गया

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा राज्य ने बीती 25 नवंबर को ज्योतिसर, कुरुक्षेत्र में गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीदी दिवस के ऐतिहासिक समारोह में उनकी विरासत को स्मरण करते हुए एक उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

यह आयोजन, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिरकत की, ने आध्यात्मिक श्रद्धा और राष्ट्रीय नेतृत्व को एक ही मंच पर जोड़ा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नौवें सिख गुरु, गुरु तेग बहादुर साहिब की विरासत को समर्पित कई महत्वपूर्ण पहलों की घोषणा की। गौरतलब है कि वर्ष 2014 से अपने कार्यकाल के दौरान मनोहर लाल ने सिख समुदाय को जोड़ने वाले धार्मिक आयोजनों में भाग लेकर, विरासत स्थलों को बढ़ावा देकर और सिख इतिहास से जुड़े संस्थानों का समर्थन करके लगातार प्रयास किए हैं।

इस परंपरा को वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूरी निष्ठा से आगे बढ़ाया है। आज हरियाणा पंजाब के बाहर शायद एकमात्र राज्य है जहाँ गुरु तेग बहादुर साहिब की विरासत को इतनी निरंतर, व्यापक और सेवा-उन्मुख पहलों के माध्यम से सम्मानित किया जा रहा है।

### सम्मान का अनूठा उदाहरण पेश किया

मुख्यमंत्री और विभिन्न विभागों ने लाखों नागरिकों, विद्यार्थियों, विद्वानों और संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी के साथ इन प्रयासों का नेतृत्व किया है, जिससे हरियाणा गुरु साहिब के बलिदान, स्वतंत्रता और सार्वभौमिक भाईचारे के मूल्यों के प्रति साम्प्रदायिक सौहार्द और सम्मान का अनूठा उदाहरण बन गया है।

## सुप्रीम कोर्ट सख्त उत्पीड़न का हुआ था केस दर्ज

# मदवि मामले में केंद्र और हरियाणा को नोटिस, कहा-यह दूषित मानसिकता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली\रोहतक

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों से जवाब मांगा है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि हरियाणा के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सफाईकर्मियों से यह साबित करने के लिए उनके निजी अंगों की तस्वीरें मांगी गईं कि उनका मासिक धर्म (पीरियड) चल रहा है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने केंद्र और अन्य को नोटिस जारी किए। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि यह मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में मासिक धर्म के दौरान अवकाश दिया जा रहा है। इसे पढ़कर मैंने सोचा कि क्या अब अवकाश देने के लिए भी सबूत मांगा जाएगा? उन्होंने कहा कि इससे संबंधित लोगों की सोच जाहिर होती है। अगर महिला कर्मचारी किसी जरूरी काम के लिए हाजिर नहीं थीं, तो किसी और को काम पर लगाया जा सकता था।

- याचिका पर 15 दिसंबर को होगी अगली सुनवाई

### 3 लोगों पर मामला दर्ज

*पुलिस के मुताबिक महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से जुड़े तीन लोगों के खिलाफ 31 अक्टूबर को यौन उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने महिला सफाई कर्मियों से उनके निजी अंगों की तस्वीरें मांगीं, ताकि यह साबित किया जा सके कि उनका मासिक धर्म चल रहा है। विश्वविद्यालय ने बयान जारी कर कहा कि उसने हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के जरिये संविदा पर रखे गए दो सुपरवाइजर्स को निलंबित कर दिया है।*

### हरियाणा ने अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में बिखेरी अपनी संस्कृति की छटा

**चंडीगढ़।** गोवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई-2025) में इस बार हरियाणा ने सांस्कृतिक भव्यता के साथ अपनी एक अनूठी छाप छोड़ी है। पारंपरिक रंगों, लोकनृत्यों, संगीत, इतिहास और आधुनिक फिल्मी उपलब्धियों को समेटे हरियाणा की झांकी ने न केवल दर्शकों का दिल जीता, बल्कि निर्णायक मंडल को भी गहराई से प्रभावित किया। इसी का परिणाम रहा कि राज्य की आकर्षक और सजीव झांकी को महोत्सव में पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गोआ में आयोजित महोत्सव के पहले दिन 28 प्रतिभागियों ने अलग-अलग थीम पर अपनी झांकिया प्रस्तुत की। ओपनिंग परेड में हरियाणा ने पहली शानदार राज्य झांकी प्रस्तुत की। सूचना, जनसम्पर्क, भाषा एवं कला संस्कृति विभाग, हरियाणा के महानिदेशक श्री के. मकरंद पांडुरंग के दिशा-निर्देशन में विभाग के अतिरिक्त निदेशक शविवेक कालिया और संयुक्त निदेशक फिल्म नीरज टुटेजा ने अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हरियाणा का प्रतिनिधित्व किया। 'नॉन स्टॉप फिल्मी हरियाणा' की थीम पर तैयार झांकी ने दर्शकों को भारतीय संस्कृति और सिनेमा के रंगों से सराबोर एक अनोखा "चलित उत्सव" प्रदान किया।

- हरियाणा की शानदार झांकी 'नॉन स्टॉप फिल्मी हरियाणा' को मिला पुरस्कार

# महिला एसआई 85 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

- महिला उत्पीड़न के दर्ज मामले से नाम निकलवाने के नाम पर मांगी थी रिश्वत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने महिला एसआई को 85 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपित एसआई ने शिकायतकर्ता को महिला उत्पीड़न के मामले में केस से निकलवाने के लिए रिश्वत मांगी थी।

एसीबी की निरीक्षक नन्हीं देवी ने बताया कि सेक्टर आठ निवासी ईश्वर सिंह ने उन्हें शिकायत दी थी कि एक महिला ने उसके खिलाफ महिला थाने में उत्पीड़न की झूठी शिकायत दी हुई थी। इस मामले में वह महिला थाने की एसआई सत्यवंती से मिला था। जिसने उसे केस से बाहर निकलवाने के लिए एक लाख रुपये की मांग की थी। जिसमें से उसने 15 हजार रुपये पहले दे दिए थे। शुक्रवार को एसीबी की टीम ने मामला उपायुक्त के संज्ञान में लाया।

उपायुक्त ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर टीम को कार्रवाई के आदेश दिए। उपायुक्त के आदेश पर टीम ने शिकायतकर्ता को 85 हजार रंग व हस्ताक्षर करके एसआई को देने के लिए दिए। शिकायतकर्ता ने एसआई को राशि देकर टीम को इशारा कर दिया। इशारा मिलते ही एसीबी की टीम ने एसआई को पकड़ लिया। उससे 85 हजार रुपये की राशि बरामद हुई।

### टेलिग्राम टास्क के नाम पर 16,34,521 रुपये की ठगी में एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना सैंट्रल की टीम ने टेलिग्राम टास्क के नाम पर धोखाधडी के मामले में बोबी तोमर को गिरफ्तार किया है। फरीदाबाद निवासी महिला ने आरोप लगाया कि टेलिग्राम के माध्यम से ठगों ने उससे सम्पर्क किया और एक प्लेटफॉर्म पर होटलों की रेटिंग कर रोजाना 5-6 हजार पैसे कमाने का लालच दिया और फिर उसके पास एक लिंक भेज कर उसका पंजीकरण किया। इसके बाद उन्होंने उससे पैड टास्क करने को कहा, जिसके लिए उन्होंने उससे करीब 8 लाख रूपये अपने खातों में डलवा लिये, जब उसने कुछ समय बाद पैसे निकालने के बारे में कहा तो उससे पैसे निकालने के लिए और पैसों की मांग की गई। ठगों ने उसे झांसे में लेकर 16,34,521 रूपए ठग लिये और उसे कोई पैसा वापस नहीं किया गया।

## धारूहेड़ा का एक्यूआई शुक्रवार सुबह 380 दर्ज किया गया

# प्रदेश में ठंड के साथ बढ़ रहा प्रदूषण का स्तर

- दिसंबर के शुरू में कड़ाके की ठंड जमकर करेगी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

प्रदेश में ठंड के साथ प्रदूषण का स्तर भी काफी बढ़ गया है, जिससे शुक्रवार को सुबह के समय आसमान में धुआं छाया रहा। साल के अंतिम माह की शुरुआत कड़ाके की ठंड से हो सकती है। ठंड के साथ प्रदूषण का स्तर अभी और बढ़ सकता है। प्रदूषण के चलते ग्रेप की पाबंदियों का कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की निष्क्रियता के चलते कूड़ा जलाने वाले लोगों तक पर रोक नहीं लग पा रही है। धारूहेड़ा का एक्यूआई शुक्रवार सुबह 380 दर्ज किया गया



### बहादुरगढ़ में फिर बिगड़ी हवा की गुणवत्ता

**बहादुरगढ़।** चार दिन तक 3 सौ से नीचे रहने के बाद बहादुरगढ़ का वायु गुणवत्ता सूचकांक शुक्रवार को एक बार फिर खराब श्रेणी में पहुंच गया। शुक्रवार शाम 4 बजे शहर का एक्यूआई 303 रिकॉर्ड किया गया, जो कि बहुत खराब श्रेणी में आता है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से प्रदूषण स्तर में हल्की गिरावट देखी जा रही थी। लेकिन शुक्रवार को एक बार फिर हवा में प्रदूषक कणों की मात्रा बढ़ने से चिंता बढ़ गई है। मौसम में ठंड बढ़ने, हवा की गति कम होने और आसपास के क्षेत्रों में प्रदूषण स्त्रोत सक्रिय रहने से एक्यूआई में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है।

### प्रदेश में सबसे ठंडा रहा नारनौल

*नारनौल। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील बना हुआ है। कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली के मध्यवर्ती व दक्षिणी हिस्सों पर सुबह के समय बादलों की आवाजाही देखने को मिली, साथ ही सम्पूर्ण इलाके में रात्रि तापमान में बढ़ोतरी व दिन के तापमान में गिरावट दर्ज हुई। हवाओं की दिशा में बदलाव से वातावरण में हल्की नमी भी पहुंचने से सम्पूर्ण इलाके में वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुधार देखने को मिल रहा है। वहीं शुक्रवार को पश्चिमी मौसम प्रणाली का आंशिक असर हरियाणा के दक्षिणी व मध्यवर्ती हिस्से पर देखने को मिला। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन के तापमान में सामान्य से नीचे, जबकि रात्रि तापमान सामान्य के आसपास बने हुए हैं। जिला महेंद्रगढ़ पर भी पश्चिमी विक्षोभ का असर से सुबह के समय सघन बादलवाही देखने को मिली। जिससे जिले के दिन व रात के तापमान सामान्य से नीचे बने हुए। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन हरियाणा एनसीआर दिल्ली में सबसे ज्यादा ठंडी रात नारनौल की 7.0 डिग्री सेल्सियस के साथ दर्ज हुई है। जिससे सम्पूर्ण इलाके में ठिठुरन बढ़ी और आमजन को ठंड से रूबरू होना पड़ा। जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का दिन और रात का तापमान क्रमश: 24.2, 7.0 डिग्री सेल्सियस और 24.0, 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में आने वाले दिनों में मौसम आमतौर पर शुष्क बना रहेगा, क्योंकि कोई सक्रिय मौसम प्रणाली का असर नहीं हैं।*

- पश्चिमी विक्षोभ का असर

### डिजिटल जनगणना 2027 का रोडमैप लांच

**चंडीगढ़।** हरियाणा की राजस्व एवं आपदा प्रबंधन की वित्तीय आयुक्त तथा जनगणना 2027 की राज्य नोडल अधिकारी डॉ. सुमिता मिश्रा ने आज घोषणा की कि आगामी जनगणना 2027 पूरी तरह डिजिटल मोड में आयोजित की जाएगी। यह कदम जनगणना प्रक्रिया को आधुनिक, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक परिवर्तन है। गणनाकार और पर्यवेक्षक मोबाइल ऐप्स के माध्यम से डिजिटल रूप से डेटा एकत्र करेंगे तथा इसे सीधे केंद्रीय सर्वर पर अपलोड किया जाएगा। जनगणना के मोबाइल एप्लिकेशन, पोर्टल और अन्य डिजिटल टूल्स एंड्राइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होंगे तथा इन्हें हिंदी, अंग्रेजी और 14 क्षेत्रीय भाषाओं में विकसित किया जा रहा है। सभी मंडल आयुक्तों को मंडल जनगणना अधिकारी, उपायुक्त / जिला मजिस्ट्रेट को प्रधान जनगणना अधिकारी नियुक्त किया है।

# अठारह लाख की हेरोइन सहित दो तस्कर गिरफ्तार



सिरसा। पकड़े गए हेरोइन तस्कर।

**डबवाली।** पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अठारह लाख रुपये की हेरोइन बरामद करते हुए दो नशा तस्करों को मंडी डबवाली क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। एएनसी स्टाफ प्रभारी डबवाली रणजोध सिंह ने बताया कि पकड़े गए तस्करों की पहचान कमल उर्फ टिंकला पुत्र घनश्यामदास निवासी व संजय कुमार पुत्र हेमराज निवासी मंडी डबवाली के रूप में हुई है। गश्त के दौरान बस अड्डा मंडी डबवाली के पीछे गली में नाकाबंदी के दौरान मौजूद थी। इसी दौरान दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर बस अड्डा के पीछे वाली गली सें आए जो कि पुलिस टीम को देखकर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने शक के आधार पर उन्हें रोका और तलाशी ली तो उनके कब्जे से 90 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपियों के खिलाफ थाना शहर में अभियोग दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई । पकड़े गये आरोपियों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

- आरोपियों को कोर्ट में पेश करके रिमांड पर लिया जाएगा

## वॉशिंगटन में आतंकी हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा फैसला

# 19 देशों के ग्रीन कार्ड धारकों की 'सघन जांच' की जाएगी

### अपराधियों पर लगाम लगाना बेहद जरूरी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को बड़ा बयान देते हुए कहा कि वे थर्ड वर्ल्ड देशों (वे देश जो चुनौतियों से जूझ रहे हैं) से आने वाले प्रवासियों को स्थाई रूप से रोक देंगे। उन्होंने कहा कि यह कदम अमेरिका में हो रही अवैध घुसपैठ और अपराधों पर नियंत्रण के लिए जरूरी है। यह बयान तब आया जब हाल ही में वॉशिंगटन डीसी में एक अफगान मूल के नागरिक रहमानुल्लाह लकनवाल ने दो नेशनल गार्ड सैनिकों पर गोली चलाई। इस हमले में एक सैनिक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए ट्रंप ने कहा, अमेरिका जरूरत पड़ने पर उन प्रवासियों को देश से बाहर करेगा जो अपराध करते हैं या देश के लिए बोझ बनते हैं। अवैध रूप से घुसे लोगों के सभी रिकॉर्ड रद्द किए जाएंगे। ऐसे सभी प्रवासियों की नागरिकता हटाई जाएगी जो अमेरिका की शांति और कानून व्यवस्था को नुकसान पहुंचाते हैं। गैर-अमेरिकियों को मिलने वाले सरकारी लाभ और सब्सिडी बंद करने की भी बात कही। ट्रंप ने अपने संदेश में कहा कि अमेरिका में रह रहे 'गैरकानूनी और असामाजिक समूहों' के चलते देश में अपराध, बेरोजगारी और सामाजिक असंतुलन बढ़ रहा है।

*ट्रंप ने कहा कि अमेरिका उन प्रवासियों को देश से बाहर करेगा जो अपराध करते हैं या देश के लिए बोझ बनते हैं। अवैध रूप से घुसे लोगों के सभी रिकॉर्ड रद्द किए जाएंगे। ऐसे सभी प्रवासियों की नागरिकता हटाई जाएगी जो अमेरिका की शांति को नुकसान पहुंचा रहे हैं*

अवैध रूप से घुसे लोगों के सभी रिकॉर्ड रद्द किए जाएंगे

गैर-अमेरिकियों को सरकारी लाभ और सब्सिडी देना बंद करेंगे

### पूर्व राष्ट्रपति बाइडन की पुनर्वास नीति का यह दुखद परिणाम


राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की नीतियों को इस हालात के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि बाइडन प्रशासन ने लाखों लोगों को बिना जांच के अमेरिका में आने दिया। गुरुवार को वॉशिंगटन डीसी में नेशनल गार्ड्स पर हमले के आरोपी की पहचान रहमानुल्लाह लकनवाल के रूप में हुई है, जो अफगानिस्तान का मूल निवासी है और साल 2021 में अमेरिका आया था। वह अफगानिस्तान में सीआईए के साथ काम कर चुका था और अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद बाइडन सरकार की पुनर्वास नीति के तहत अमेरिका आया था।

### अमेरिकी लोगों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा

यूएससीआईएस के निदेशक जोसेफ बी एल्डो ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के निर्देश पर मैं सभी संबंधित देशों से आने वाले एलियंस के ग्रीन कार्ड की सघन जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लिखा कि 'अमेरिका और अमेरिका के लोगों की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। अमेरिकी लोग पूर्व की सरकार की बेकार पुनर्वास नीति की कीमत नहीं चुकाएंगे। अमेरिकी लोगों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा।

### हमला इंसानियत के खिलाफ

ट्रंप ने कहा कि यह घिनौना हमला बुराई, नफरत और आतंक का काम था। यह देश और इंसानियत के खिलाफ एक जुर्म था। उन्होंने कहा कि हिरासत में लिया गया संदिग्ध व्यक्ति अफगानिस्तान से हमारे देश में आया है, जो धरती पर एक नरक है।

### इमिग्रेशन आवेदन प्रक्रिया कड़ी होगी

घटना के बाद यूएस सिटीजन एंड इमीग्रेशन सर्विसेज (यूएससीआईएस) ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब 19 देशों से आने वाली इमिग्रेशन आवेदन प्रक्रिया में सुरक्षा जांच और कड़ी होगी। देश की स्थिति और जोखिम स्तर को भी ध्यान में रखा जाएगा। जिन 19 देशों के ग्रीन कार्ड होल्डर्स के दस्तावेजों की जांच का फैसला किया गया है, उनमें अफगानिस्तान, बर्मा, चाड, कांगो गणतंत्र, इक्वेटोरियल गिनी, एरीट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान, यमन, बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला का नाम शामिल है। गुरुवार के हमले के बाद यूएससीआईएस ने ऐलान किया है कि अफगान नागरिकों के सभी अप्रवासन आवेदनों को अनिश्चितकाल के लिए बर्खास्त कर दिया गया है।

## वैश्विक बाजारों में मजबूत धारणा से सराफा में तेजी

**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख और निवेशकों की कारोबारी दिलचस्पी को देखते हुए शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 700 रुपये बढ़कर 1,30,160 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। बाजार के जानकारों ने यह कहा। चांदी की कीमत में भी लगातार चौथे दिन तेजी रही और यह 3,000 रुपये मजबूत हुई।99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 700 रुपये बढ़कर 1,29,560 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गयी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''सोने में तेजी आई...। दिसंबर में फेडरल रिजर्व के ब्याज दर कटौती की बढ़ती उम्मीदों से इसे समर्थन मिला।'' गांधी ने कहा कि फेडरल रिजर्व द्वारा संभावित ब्याज दर कटौती को लेकर नई उम्मीद और डॉलर के स्थिर रहने से इस हफ्ते सोने की कीमतों को अच्छा समर्थन मिला है।



## पाकिस्तान की उड़ी नींद

# भारत और अफगानिस्तान ने की 900 करोड़ की डील


दुबई में एमओयू पर हस्ताक्षर किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अफगानिस्तान की प्रमुख दवा कंपनियों ने 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 900 करोड़ रुपए) के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस एमओयू ने पाकिस्तान की नींद उड़ा दी है। अफगानिस्तान की रोफी इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ कंपनीज और भारत की जाइडस लाइफसाइंसेज के बीच दुबई में इस समझौता ज्ञापन पर साइन किया गया है। इसे अफगानिस्तान के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भारत के पदचिह्न का विस्तार करते हुए वहां की फार्मास्युटिकल क्षमता के पुनर्निर्माण में एक ऐतिहासिक कदम के रूप में देखा जा रहा है।

### भारत दवाएं निर्यात करेगा

अफगानिस्तान के उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, भारत के प्रमुख दवा निर्माताओं में से एक, जायडस लाइफ साइंसेज, शुरुआत में अफगानिस्तान को दवाएं निर्यात करेगा। समय के साथ, कंपनी अपना प्रतिनिधि कार्यालय अफगानिस्तान में ट्रांसफर कर देगी और वहां घरेलू स्तर पर दवा उत्पादन शुरू कर देगी। स्थानीय विनिर्माण के लिए तकनीकी डेटा और जानकारी का ट्रांसफर पहले ही शुरू हो चुका है। अफगानिस्तान ने समझौते को स्वास्थ्य देखभाल मानकों में सुधार, घटिया आयातित दवाओं पर निर्भरता कम करने और अफगान फार्मास्युटिकल सुविधाओं की तकनीकी क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से उन्नत करने के लिए एक परिवर्तनकारी कदम बताया।


### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।



**DISTRICT CHILD PROTECTION OFFICER, DISTRICT CHILD PROTECTION UNIT WOMEN & CHILD DEVELOPMENT DEPARTMENT (MISSION VATSALYA) CHARKHI DADRI**

Mail-id- dcpodadri@gmail.com फोन नंबर-01250-297270

सार्वजनिक सूचना

जिला बाल संरक्षण कार्यालय, चरखी दादरी



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनाकं 20-09-2025 को समसपुर कलियावास रोड नहर के पास झाडियों में एक बच्ची लगभग 2 महिने की मिली है। यदि उपरोक्त बच्ची का कोई संरक्षक / वारिस हो जो इस सूचना को पढ़ रहा हो, निम्न पते पर 2 महीने के अन्दर - अन्दर सुबह 9 से सायः 5 बजे तक सम्पर्क करे, अन्यथा बच्ची को परित्यक्त मानकर गोद देने हेतु प्रक्रिया आरम्भ कर दी जायेगी।

जिला बाल संरक्षण कार्यालय, चरखी दादरी
नजदीक बस स्टैंड, पार्क वाली गली, धिकाडा रोड
चरखी दादरी
जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास
चरखी दादरी

पीआरडीएच 1225/11/127/2026/40741/88/6 दि. 28.11.2025


## अडाणी समूह को ऑस्ट्रेलिया में राहत

# कोर्ट ने एक्टिविस्ट को गोपनीय डेटा की जांच प्राप्त करने से रोका, विवाद खत्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


गौतम अडाणी

ऑस्ट्रेलिया में क्वींसलैंड सुप्रीम कोर्ट से अडाणी समूह की एक कंपनी को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने एक जीवाश्म ईंधन विरोधी एक्टिविस्ट को अडाणी की कारमाइकल कोयला खदानों से जुड़ी गोपनीय जानकारी हासिल करने और उसका उपयोग करने से रोकने के लिए स्थाई आदेश जारी किया है। इस तरह अडाणी समूह और उसके लंबे समय से एक विरोधी के बीच कई वर्षों से चल रहा कानूनी विवाद समाप्त हो गया है। अडाणी समूह से जुड़ी कंपनी ब्रावस माइनिंग एंड रिसोर्सेज की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, बेन पेनिंग्स को ब्रावस के कर्मचारियों, ठेकेदारों या भावी ठेकेदारों से गोपनीय व्यावसायिक जानकारी प्राप्त करने के सभी प्रयासों को रोकना होगा। इसके साथ ही उन्हें दूसरों को ऐसी जानकारी का खुलासा करने के लिए प्रोत्साहित करने से भी रोक दिया।

गया है। अडाणी समूह का हिस्सा ब्रावस ने भी कानूनी हर्जाना नहीं वसूलने पर सहमति जताई है। यह कंपनी गैलिली बेसिन में कारमाइकल कोयला खदान का संचालन करती है। ब्रावस ने गैलिली ब्लॉकेड समूह के राष्ट्रीय प्रवक्ता पेनिंग्स के खिलाफ एक दीवानी मुकदमा दायर किया था।

# निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से सेंसेक्स, निफ्टी स्थिर बंद



**मुंबई।** आर्थिक वृद्धि दर के आंकड़े आने के पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार बेहद उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में लगभग स्थिर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 13.71 अंक यानी 0.02 प्रतिशत गिरकर 85,706.67 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 85,969.89 के ऊपरी और 85,577.82 अंक के निचले स्तर को छुआ। निफ्टी भी 12.60 अंक यानी 0.05 प्रतिशत गिरकर 26,202.95 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ ही बाजार में दो दिनों से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। नए शिखर पर पहुंच गए थे लेकिन बाद में मुनाफावसूली हावी होने से मामूली बढ़त के ही साथ बंद हुए थे। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, इटर्नल, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में सर्वाधिक गिरावट रही। -स्माल व मिडकैप में गिरावट दर्ज रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /"एक दिन पहले रिकॉर्ड स्तर पर रहने के बाद बाजार में नरमी रही और सूचकांक लगभग अपरिवर्तित बंद हुए।


### खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, सोनीपत

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गढ़ी हकीकत में 2 ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जानी है जिसके लिए दिनांक 01.12.2025 से 09.12.2025 सायं 3:00 बजे तक खंड कार्यालय सोनीपत में आवेदन पत्र प्राप्त किए जाएंगे। सफाई कर्मचारी की नियुक्ति हेतू दिनांक 10.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे साक्षात्कार लिया जाएगा।

हस्ता/-खंड विकास एवं
पंचायत अधिकारी, सोनीपत



**वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान (विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार का एक स्वयत्तशासी संस्थान) 33, जनरल महादेव सिंह मार्ग, देहरादून- 248001 (उत्तराखण्ड)**

सं० : संस्थान पद/आर०ए०/2021/II/स्था० दिनांक : 18.11.2025

विज्ञापन नाटिस

निदेशक, वा०हि०भूवि०सं० द्वारा निम्नलिखित पदों के लिए पूर्णतः अस्थारी एंव संविदात्मक आधार पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

| क्रम सं० | पद का नाम | पद की संख्या |
|---|---|---|
| 01. | शोध सहयोगी | 04 |

विस्तृत विज्ञापन जिसमें फैलोशिप, शैक्षिक योग्यता, आयु सीमा, साक्षात्कार की तिथि, इत्यादि शामिल हैं और निर्धारित आवेदन फॉम हमारी वेबसाईट www.wihg.res.in पर उपलब्ध है। इच्छुक उम्मीदवार हमारी वेबसाईट से विवरण डाउनलोड कर सकते हैं।

निदेशक, वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वे बिना कारण बताये किसी पदों की भर्ती को निरस्त कर सकते हैं।

Sd/-रजिस्ट्रार

CBC-36122/12/0005/2526



**Gnex Realtech Pvt Ltd.**
**F-10, Plot No. 10, Asaf Ali Road Daryaganj Delhi 110002**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Project Approvals | License no. 148 of 2025 dtd 14-08-2025 and RERA Registration No HRERA-PKL-JJR-790-2025 Asha Bahadurgah Phase 4 Extension |
| 2. | Location | Sector-36, Bahadurgarh (Haryana) |
| 3. | Provisions | Projected Area - 3.2125 acres comprising of 60 Plots. Community Facilities : 0.3236 Acre Commercial Facilities : 0.12516 Acre |
| 4. | Plot Details | There are 8 Categories of Plots Varying from 69.5 sq. yd to 177 sq. yd |
| 5. | Allotment Rate of Plot (all inclusive) | Starting Rs. 56,000 Per Sq. yd. |
| 6. | Payment Terms | Development Linked Plan. |
| 7. | Application Timeline | Application Forms can be procured from M/S Gnex Realtech Private Limited. Site Office : Sector 36, Bahadurgarh, Distt. Jhajjar, Haryana 124507; Mob. 8377072794 Web site-www.esselrealty.com Email: crm@esselrealty.com Starting from 29-11-2025 |
| 8. | Rera Account Details (IDBI Bank, IFSC-IBKL0000109) | Collection (100%) Rera-0109102000050342 Rera (30%) - 0109102000050324 Rera(70%) ESCROW-0109102000050333 |



### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | प्रत्येक मद के आधार पर वर्णित वांछित मदों की सूची अनुसार दो वर्षों के दर अनुबंध पर ग्लुकोमीटर, ग्लुकोस्ट्रिप्स और स्वतः अयोग्य लैंसट्स की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 28.11.2025 18.12.2025 | 3,79,42,272/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40745/I/88/6 दि. 28.11.25

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | नगर पालिका महम क्षेत्र से कुत्तों को पकड़ना और पकड़े गये कुत्तों का स्टेरेलाइजेशन और वैक्सिनेशन। | 28.11.2025 04.12.2025 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9416022295 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40735/I/88/6 दि. 28.11.25

### हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक की सीमाओं में बागवानी कचरा उठाने के लिए मशीनरी किराये पर लेना। | 27.11.2025 04.12.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक वार्ड नं. 10 में स्टॉर्म वाटर की पम्पिंग हेतु डिस्पोजल पिट का निर्माण। | 27.11.2025 05.12.2025 | 2.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक के कार्यालय उपयोग हेतु ऑल इन वल डेस्क टॉप सिस्टम और कलर प्रिंटर की खरीद। | 27.11.2025 04.12.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/40731/I/88/6 दि. 28.11.25



## राशिफल


**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।


**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।



**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।


**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।


**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।


**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।


**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।


**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## इमरान खान से मिलने नहीं दे रहे

# पूर्व पीएम की बहन ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में दायर की याचिका



**इस्लामाबाद** । पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की बहन ने उन्हें जेल में बंद अपने भाई से मिलने की अनुमति न देने के लिए शुक्रवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में अदियाला जेल के अधीक्षक और अन्य अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना की याचिका दायर की। अलीमा खान ने यह याचिका खैबर पख्तूनख्वा के सीएम सोहैल आफरीदी और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अन्य नेताओं की मौजूदगी में दायर की। याचिका में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के 24 मार्च के आदेश का जिक्र किया गया है, जिसमें अदालत ने 73 वर्षीय खान से सप्ताह में दो बार मुलाकात करने की अनुमति दी थी। खान अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अदियाला जेल में हैं। उन्होंने अवमानना की कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया है।

## शब्द पहेली - 6062




**बाएँ से दाए**
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' मैं सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

### शब्द पहेली- 6061 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रा | ज | कु | मा | र | | म | नो | ह | र |
| दौ | र | | ली | | ख | न | न | | र | वा |
| ल | | जा | न | व | र | | न | ल | | य |
| त | न | य | | | खा | र | | की | म | त |
| खा | | दा | | ना | व | | ड | | दा | |
| ना | र | द | मु | नी | | प | र | व | री | श |
| | फ्ता | | ख | | स | द | | र्ध | | क |
| भ | र | ना | | स | भा | | | मा | हि | र |
| या | | का | का | | भ | द्दा | प | न | | कं |
| न | न | | त | ना | व | | ह | | दा | द |
| क | म | जो | र | | न | ग | र | वा | सी | |



# महाराष्ट्र में कुछ उम्मीदवारों को जीतकर भी झेलनी पड़ सकती है हार

## ओबीसी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की लटकी तलवार

## 2 दिसंबर को पहले चरण में 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के लिए होगा मतदान, 1 करोड़ से ज्यादा मतदाता वोट डालेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन, भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी, पहली बार स्थानीय चुनावों की बड़ी परीक्षा से गुजरने जा रहा है। 2 दिसंबर को पहले चरण में 246 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों के लिए मतदान होगा। 1 करोड़ से ज्यादा मतदाता वोट डालेंगे। लेकिन सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने महाराष्ट्र लोकल बॉडीज में ओबीसी रिजर्वेशन को चुनौती देने वाली रिट पिटीशन पर सुनवाई करते हुए ये आदेश दिया है। इन सीटों पर हो सकता है कि कुछ उम्मीदवारों को जीतकर भी हारना पड़ सकता है या उन्हें जीत का स्वाद चखने से वंचित रहना पड़ सकता है क्योंकि जिन सीटों पर आरक्षण रद्द होगा, वहां जीते उम्मीदवार को विजेता होने के सुख से वंचित होना पड़ सकता है।

### 57 स्थानीय निकायों में 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि जिन 57 स्थानीय निकायों में 50 फीसदीसे ज्यादा आरक्षण दिया गया है, उनके नतीजे अंतिम फैसले के बाद ही मान्य होंगे। कोर्ट पहले भी चेतावनी दे चुका है कि आरक्षण सीमा टूटने पर चुनाव रद्द भी हो सकते हैं। राज्य चुनाव आयोग ने स्वीकार किया है कि सीमा टूट चुकी है। यानी राजनीति के साथ एक कानूनी असमंजस भी चुनाव पर मंडरा रहा है।



### समाज को जाति की रेखाओं में नहीं बांटना चाहिए

सुनवाई के दौरान आयोग के वकील ने कोर्ट को यह भी बताया कि राज्य में केवल दो महानगरपालिकाएं ऐसी हैं, जहां आरक्षण 50 प्रतिशत से ऊपर जाने की संभावना है। इस पर अदालत ने कहा कि इनके चुनाव भी अधिसूचित किए जा सकते हैं, लेकिन इनके परिणाम भी रिट याचिकाओं के नतीजों से प्रभावित होंगे। सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि हम जो भी करें, समाज को जाति की रेखाओं में नहीं बांटना चाहिए।

### स्थानीय निकाय चुनाव दिसंबर 2021 से अटके

महाराष्ट्र में ओबीसी आरक्षण की वजह से स्थानीय निकाय चुनाव दिसंबर 2021 से अटके हुए हैं। दिसंबर 2021 में, सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण पर यह कहते हुए रोक लगा दी थी कि इसे 'ट्रिपल-टेस्ट' को पूरा करने के बाद ही लागू किया जा सकता है। राज्य सरकार ने लोकल बॉडी चुनावों में ओबीसी रिज़र्वेशन के मुद्दे की जांच के लिए मार्च 2022 में जयंत कुमार बंठिया कमीशन का गठन किया था। बंठिया आयोग ने जुलाई 2022 में अपनी रिपोर्ट दी थी।

### बंठिया कमीशन की रिपोर्ट से पहले के कानून के हिसाब से चुनाव का दिया था निर्देश

मई 2025 में, कोर्ट ने बंठिया कमीशन की रिपोर्ट से पहले के कानून के हिसाब से ओबीसी रिज़र्वेशन देकर चार महीने के अंदर चुनाव कराने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने कहा कि राज्य के अधिकारियों ने इस आदेश का गलत मतलब निकाला है कि रिज़र्वेशन 50फीसदी से ज़्यादा हो सकता है। यह साफ़ करते हुए कि बंठिया से पहले की स्थिति के हिसाब से चुनाव कराने का निर्देश 50 प्रतिशत की लिमिट पार करने की इजाज़त नहीं है।

### महाराष्ट्र में एमवीएम मान रही इससे अपना फायदा

हिंगोली में भाजपा विधायक तानाजी मुतकुले और शिवसेना विधायक संतोष बांगड़ के बीच खुला टकराव राजनीतिक माहौल और गरमा रहा है। महाविकास आघाड़ी इसे फायदा मान रही है। उनकी उम्मीद है कि गठबंधन की अंदरूनी लड़ाई वोट काटेगी और मुकाबला बहुकोणीय होगा, जिससे एमवीए को फायदा मिल सकता है।

---

## खबर संक्षेप

### दिल्ली सरकार ने '120 बहादुर' को टैक्स-फ्री किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने कुमाऊं रेजिमेंट की चार्ली कंपनी के पराक्रम पर बनी फिल्म '120 बहादुर' को टैक्स-फ्री घोषित किया।



सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि यह 1962 के भारत-चीन युद्ध में रेजांग ला की लड़ाई में 120 सैनिकों के साहस को दर्शाती है। सीएम रेखा ने कहा कि यह मेजर शैतान सिंह भाटी के नेतृत्व को दिखाती है।

### कार पर पलटा डंपर 7 की दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया।



इसमें 7 की दर्दनाक मौत हो गई। सहारनपुर के सैय्यद माजरा गांव का रहने वाला परिवार कार से कहीं जा रहा था। जैसे ही कार एक्सप्रेसवे पर पहुंची,तभी देहरादून की दिशा से तेज रफ्तार में खनिज से भरा डंपर कर पर पलट गया।

### चिराग की तबीयत बिगड़ी, एयरपोर्ट से लौटे

**पटना।** लोजपा रामविलास के स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य



प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान दिल्ली से पटना आने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे लेकिन तबीयत खराब होने के कारण वापस आवास पर लौट गए। इसके बाद चिराग पासवान ने दिल्ली से ही ऑनलाइन रजत दिवस समारोह को संबोधित किया।

### कांग्रेस के विधायक पर यौन उत्पीड़न का केस

**पलक्कड़।** केरल की पलक्कड़ विधानसभा सीट से विधायक राहुल ममकूटाथिल की मुश्किलें बढ़ गई हैं।



कांग्रेससे निलंबित हो चुके विधायक के खिलाफ पुलिस ने महिला का यौन उत्पीड़न करने और गर्भपात के लिए मजबूर करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें शिकायत सौंपी थी।

### थार ने बाइक वालों को रौंदा, दोनों में फायरिंग

**कोटपूतली।** राजस्थान के कोटपूतली–बहरोड़ जिले में कथित तौर पर दो गैंग के बीच



झड़प हुई। एक गैंग ने थार और स्विफ्ट कार में सवार होकर तीन बाइक सवार को कुचलने की कोशिश किए। वहीं, बाइक वाले गैंग ने जवाबी फायरिंग की। फिल्मी अंदाज में हुई यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है।

---

## कर्नाटक के उडुपी में बोले प्रधानमंत्री मोदी, गीता के ज्ञान को बखाना

# अत्याचारियों का अंत होना भी आवश्यक महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण भी हो

### जगद्गुरु श्री श्री सुगुनेंद्र तीर्थ स्वामीजी ने पीएम का किया अभिनंदन



प्रधानमंत्री मोदी ने कनक मंडप का दौरा करके उन्हें नमन भी किया

उडुपी जनसंघ और भाजपा के सुशासन मॉडल की कर्मभूमि

**संत-दार्शनिक एवं कीर्तनकर कनकदास को पुष्पांजलि**

**राम जन्मभूमि आंदोलन में उडुपी की भूमिका को भूल नहीं सकते**



संत- मुनियों से बात करते और उनका आशीर्वाद लेते प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी ▶▶ उडुपी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एकदिनी कर्नाटक दौरे पर पहुंचे। यहां जगद्गुरु श्री श्री सुगुनेंद्र तीर्थ स्वामीजी ने विश्व गीता पर्याय- लक्ष्य कंठ गीता परायण में प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन किया। उन्होंने ऐतिहासिक कनक मंडप का दौरा किया और 14वीं-15वीं शताब्दी के संत-दार्शनिक एवं कीर्तनकर कनकदास को पुष्पांजलि अर्पित की। उडुपी श्री कृष्ण मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति के पश्चिम की ओर मुड़ने की पौराणिक घटना का श्रेय कनकदास को दिया जाता है। राम जन्मभूमि आंदोलन में उडुपी की भूमिका को पूरा देश जानता है। उन्होंने कहा कि मंदिर आंदोलन में श्री विश्वेश तीर्थ स्वामीजी के मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि अयोध्या में राम मंदिर के शिखर पर ध्वज फहराया गया।राम मंदिर में उडुपी के श्री माधवाचार्य को समर्पित एक विशेष द्वार है। कनक विंडो के माध्यम से उडुपी मंदिर में श्रीकृष्ण की झलक मुझे संत कवि कनकदास से जोड़ती है।

**ऊर्जा अध्यात्म की शक्ति भी है**

पीएम ने कहा कि हमारे समाज में मंत्रों, गीता के श्लोकों का पाठ शताब्दियों से हो रहा है पर जब एक लाख कंठ एक स्वर में इन श्लोकों का ऐसा उच्चारण करते हैं... तो ऐसी ऊर्जा निकलती है जो हमारे मन, मस्तिष्क को एक नया स्पंदन, नई शक्ति देती है। यही ऊर्जा अध्यात्म की शक्ति भी है, सामाजिक एकता की शक्ति है।

### 'सुवर्ण तीर्थ मंतप' का उद्घाटन

पीएम मोदी ने 'सुवर्ण तीर्थ मंतप' का उद्घाटन किया, जो भगवान कृष्ण के गर्भगृह के सामने बनाया गया है। इसके अलावा उन्होंने 'कनक कवच' भी समर्पित किया। यह कनाकाना किंदी पर स्वर्ण आवरण है, जहां से भक्त और संत कनकदास ने पहली बार भगवान कृष्ण के दर्शन किए थे।

### 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति भगवान श्रीकृष्ण के श्लोकों से प्रेरित

पीएम मोदी ने कहा कि 25 नवंबर को विवाह पंचमी के पावन दिन अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में धर्म ध्वजा की स्थापना हुई है। राम मंदिर आंदोलन में उडुपी की भूमिका कितनी बड़ी है सारा देश इसे जानता है। आज हमारी 'सबका साथ, सबका विकास', 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' की नीतियां भगवान श्री कृष्ण के इन श्लोकों से प्रेरित हैं। भगवान श्री कृष्ण हमें गरीबों की मदद करने का मंत्र देते हैं और इसी मंत्र की प्रेरणा आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं का आधार बनती है। हमें महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण का ज्ञान देते हैं।

### देश ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में हमारा संकल्प देखा

प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री कृष्ण ने युद्ध की भूमि पर गीता का संदेश दिया था और गीता हमें सिखाती है कि शांति और सत्य की स्थापना के लिए अत्याचारियों का अंत भी जरूरी है। हम लाल किले की प्राचीर से श्री कृष्ण की करुणा का संदेश देते हैं और मिशन सुदर्शन चक्र का भी उद्घोष करते हैं। देश ने ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई में हमारा संकल्प देखा है। हम शांति स्थापित करना भी जानते हैं और रक्षा करना भी जानते हैं।

### श्रीकृष्ण की शिक्षाएं हर युग में प्रासंगिक

प्रधानमंत्री ने कहा कि गीता में श्रीकृष्ण की शिक्षाएं हर युग में प्रासंगिक हैं, वे राष्ट्रीय नीति को निर्देशित करती हैं। वे गीता में हमें लोक कल्याण के लिए काम करने को कहते हैं। 'सबका साथ, सबका विकास', 'सर्वजन हिताय' जैसे नारे गीता के श्लोकों से प्रेरित हैं। गरीबों की मदद करने का गीता में दिया गया संदेश प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी नीतियों का आधार भी यही है।

---

## कर्नाटक में 'कुर्सी' पर आंतरिक कलह

# सिद्धारमैया पर फिलहाल खतरा नहीं, डीके को करना होगा इंतजार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक में सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर जारी विवाद ने कांग्रेस के आंतिरक कलह को उजागर कर दिया है। 2023 में हुए चुनाव में जीत के बाद से सीएम पद को लेकर जारी विवाद ने तब नया मोड़ ले लिया, जब चर्चा है कि सिद्धारमैया की कुर्सी खतरे में नहीं है। सिद्धारमैया के पास 137 विधायकों में से 100 से ज्यादा का समर्थन है, ऐसे में उनका सीएम पद छोड़ना मुश्किल है। अब सवाल यह है कि क्या सिद्धारमैया सीएम बने रहेंगे या डीके शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने बताया कि सिद्धारमैया की कुर्सी को कोई खतरा नहीं है। क्योंकि वे एक बड़े ओबीसी नेता हैं। सिद्धारमैया को अहिंदा समुदाय और पार्टी के ज्यादातर विदायकों का मजबूत समर्थन प्राप्त है। ऐसे में उनकी सहमति के बिना नेतृत्व परिवर्तन मुश्किल है।



सीएम सिद्धारमैया

### मैं कांग्रेस को मंदिर मानता हूं: डीके

अंदरूनी खींचतान के बीच शिवकुमार ने साफ कहा है कि वे जल्द दिल्ली जाएंगे और पार्टी के निर्देशों का पालन करेंगे। उन्होंने कांग्रेस को अपना मंदिर बताते हुए कहा कि पार्टी का लंबा इतिहास है और दिल्ली हमेशा मार्गदर्शन करती रही है। शिवकुमार ने समुदाय आधारित राजनीति से दूरी दिखाते हुए कहा कि वे सभी तबकों के लिए काम करते हैं। उनका कहना था कि वे किसी पद की मांग नहीं कर रहे, बल्कि पार्टी जो फैसला करेगी, वही मान्य होगा।



डीके शिवकुमार

उन्होंने यह भी जोड़ा कि उनकी निष्ठा पूरी तरह कांग्रेस के साथ है और वे संगठन की एकता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शिवकुमार ध्यान देने वाली बात ये है कि उन्होंने कहीं भी ये बात नहीं कही कि सिद्धारमैया पूरे 5साल सीएम रहेंगे। ऐसे में और कयास लग रहे हैं कि पार्टी के भीतर कुछ तो हलचल चल रही है।

### ढाई साल में ही जनता परेशान, दो-फाड़ का अंदेशा



बीवाई विजयेंद्र

भाजपा के कर्नाटक अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि लोगों ने कांग्रेस को बहुत उम्मीदों के साथ चुना था। लेकिन ढाई साल में ही जनता परेशान हो चुकी है। विकास रुका हुआ है, युवा निराश हैं और आपसी लड़ाई से प्रशासन लकवाग्रस्त है। किसान मुआवजे और अन्य मुद्दों पर सरकार से बड़े फैसलों की उम्मीद कर रहे हैं। डीकेबहुत आक्रामक रुख में हैं। मुझे बिल्कुल आश्चर्य नहीं होगा अगर कांग्रेस में दो गुट बन जाएं।

---

### 3 बड़ी पहलों की शुरुआत


## सिंह ने मौसम संग्रहालय का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग की 3 बड़ी पहलों का उद्घाटन किया। इनमें रायपुर और मंगलुरु में दो अत्याधुनिक डॉप्लर मौसम रडार मौसम भवन में एक नई सौर ऊर्जा प्रणाली और छात्रों और युवा शिक्षार्थियों के लिए एक मौसम विज्ञान संग्रहालय शामिल हैं।

## सांवलिया सेठ का भंडार सोने चांदी से भरा, 51 करोड़ चढ़ावा

*करीब 2 क्विंटल चांदी तथा एक किलो सोना भी मिला*



**मेवाड़।** यहां के सुप्रसिद्ध कृष्ण धाम श्री सांवलिया सेठ के मंदिर में पहली बार चढ़ावा राशि का नया रिकॉर्ड बना। दान पात्र से 40 करोड़ और भेंट कक्ष में 10 करोड़ से ज्यादा का चढ़ावा मिला। करीब 51 करोड़ की चढ़ावा राशि निकली। इसके अलावा करीब 2 क्विंटल चांदी तथा एक किलो सोना भी प्राप्त हुआ। सांवलिया सेठ के भंडार की गणना 6 चरण में गुरुवार को पूर्ण हुई।

---

## ओडिशा विधानसभा में राष्ट्रपति ने दिया संबोधन

**पहली बार सदन को संबोधित किया**

# यहां से नेतृत्व, संवैधानिक जिम्मेदारियों के साथ ही जनसेवा के मूल्यों को सीखा

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा विधानसभा में गुरुवार को एक ऐतिहासिक और अत्यंत भावनात्मक क्षण देखने को मिला जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने कार्यकाल की अवधि में पहली बार सदन को संबोधित किया। यह अवसर न केवल औपचारिक महत्व का था, बल्कि राष्ट्रपति के लिए व्यक्तिगत रूप से भी बेहद खास रहा। उन्होंने इस संबोधन को घर वापसी करार दिया और कहा कि इसी सदन ने उनके राजनीतिक जीवन की नींव रखी थी।

### संबोधन को बताया अत्यंत विशेष



संबोधन के दौरान राष्ट्रपति

रायरंगपुर से विधायक के रूप में सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करने व मंत्री रहीं राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी राजनीतिक यात्रा का हर मोड़ इस विधानसभा के अनुभवों से प्रभावित रहा। विधानसभा ने राजनीतिक दृष्टिकोण दिया। नेतृत्व, संवैधानिक जिम्मेदारियों और जनसेवा को सीखा।

**विधायक जिम्मेदारी और मर्यादा बनाए रखें**

राष्ट्रपति ने विधायकों को उनके कर्तव्यों की याद दिलाते हुए कहा कि लोग आपको कई सपनों के साथ यहां भेजते हैं। उनका विश्वास बनाए रखना और उनके चेहरों पर मुस्कान लाना आपका दायित्व है। विधायक मर्यादा को न भूलें।

---

## शिक्षा मंत्रालय और आईआईटी मद्रास ने उठाया महत्वपूर्ण कदम

# उप्र के हिंदी भाषी विद्यार्थी बनारस में सीखेंगे तमिल

### तमिलनाडु के 50 शिक्षक और विद्वान बच्चों को देंगे शिक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के हिंदी भाषी स्कूली छात्र तमिल भाषा सीखेंगे। दो दिसंबर से तमिलनाडु के 50 शिक्षक और विद्वान स्थानीय स्कूलों के बच्चों को तमिल भाषा में अपनी संस्कृति, खानपान, भारत की दो प्राचीन परंपराओं (काशी-तमिल) से रूबरू करवाएंगे। इसका मकसद, छात्रों में सांस्कृतिक जुड़ाव और सभी भाषाओं का सम्मान समेत तमिल में आम बोलचाल सीखाना है। यह केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय और आईआईटी मद्रास की पहल है।

2 दिसंबर से काशी-तमिल से होंगे रूबरू



काशी तमिल संगमम में हिस्सा लेने छात्रों का पहला समूह काशी पहुंचा

**प्रयागराज, अयोध्या के करेंगे दर्शन**

8 दिनी अनुभवात्मक दौरे के दौरान तमिलनाडु से आने वाला दल वाराणसी के बाद प्रयागराज और अयोध्या में भगवान श्रीराम के दर्शन करने भी जाएगा। तमिल धरोहर स्थलों में महाकवि सुब्रमण्यम भरतियार का पैतृक निवास, केदार घाट, लघु तमिलनाडु क्षेत्र में स्थित काशी मदम, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर अहम हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सुचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे अंबाला छवानी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेब साइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | नीलामी काटलोग स. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | UMB-Prkg-19-25 | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर 1745.93 वर्ग मीटर पार्किंग क्षेत्र के साथ सभी वाहनों (गैर वाणिज्यिक और वाणिज्यिक) के लिए व्यापक पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकार "पिकअप / ड्रॉप" लेन (प्रवेश से निकास) का आवंटन | 06.12.25 12:00:00 |
| 2. | UMB-Prkg-20-25 | यमुनानगर जगाधरी रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 2610.22 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में व्यापक पार्किंग का आवंटन। | 08.12.25 13:00:00 |
| 3. | UMB-Prkg-21-25 | खन्ना रेलवे स्टेशन पर कुल 528.06 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के चार पहिया वाहन पार्किंग स्थल का आवंटन। | 11.12.25 13:00:00 |
| 4. | UMB-Prkg-21-25 | अंबाला डिवीजन के अंतर्गत घग्घर रेलवे स्टेशन के परिचालित क्षेत्र में स्थित 410 वर्ग मीटर का पार्किंग स्थल, दोपहिया, तिपहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग के लिए निर्धारित है। | 11.12.25 13:00:00 |
| 5. | UMB-Prkg-21-25 | बरवाला रेलवे स्टेशन के परिचालित क्षेत्र में कुल 300.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का व्यापक पार्किंग स्थल। | 11.12.25 13:00:00 |
| 6. | UMB-Prkg-21-25 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर 2384.74 वर्ग मीटर पार्किंग क्षेत्र के साथ सभी वाहनों (गैर वाणिज्यिक और वाणिज्यिक) के लिए व्यापक पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकार "पिकअप / ड्रॉप" लेन (प्रवेश से निकास) का आवंटन। | 11.12.25 13:00:00 |
| 7. | UMB-Prkg-22-25 | सुनाम उधम सिंह वाला रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में 388.30 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में व्यापक पार्किंग का आवंटन (साइट प्लान के अनुसार) | 12.12.25 12:00:00 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3694/2025

## चिंतन

# अर्थव्यवस्था की रफ्तार ने डेड कहने वालों को दिया जवाब

देश की विकास दर ने उन लोगों को करारा तमाचा मारा है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को डेड बता रहे थे। दुनिया में सबसे तेज गति से दौड़ रही अर्थव्यवस्था के मामले में भारत की विकास दर ने एक बार फिर कमाल किया है। कमाल भी ऐसा कि अर्थशास्त्री भी हैरान हैं। उनका अनुमान था कि भारत की जीडीपी लगभग 7.4 प्रतिशत की गति से बढ़ेगी, लेकिन वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 8.2 फीसदी की मजबूत विकास दर दर्ज की है। नॉमिनल जीडीपी में भी 8.7 फीसदी की वृद्धि देखी गई है। यह वृद्धि दर पिछले साल की समान अवधि 5.6 प्रतिशत से काफी अधिक है और पिछले छह तिमाहियों में सबसे तेज है। इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय मुख्य रूप से विनिर्माण और वित्तीय क्षेत्रों में हुई मजबूत वृद्धि को जाता है। जो देश को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाता है। इस वृद्धि के पीछे गांवों में बढ़ी हुई मांग और सरकारी खर्च का बड़ा हाथ है, जबकि महंगाई दर निचले स्तर पर बनी हुई है। विनिर्माण और निर्माणः द्वितीयक क्षेत्र ने 8.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जिसमें विनिर्माण का 9.1 और निर्माण का 7.2 फीसदी का योगदान रहा। इसमें खेती-बाड़ी और खनन उद्योग शामिल हैं। इस साल दूसरी तिमाही में इन क्षेत्रों ने सालाना आधार पर 3.1 प्रतिशत की ग्रोथ दिखाई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 3.5 थी। खनन क्षेत्र में थोड़ी गिरावट आई। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में यह 0.04 फीसदी सिकुड़ा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 0.4 सिकुड़ा था। देश की आर्थिक ग्रोथ को गांवों की मजबूत अर्थव्यवस्था, सरकारी खर्च में बढ़ोतरी और निर्यात की जल्दी हुई शिपमेंट से सहारा मिला है। सरकारी पूंजीगत व्यय सितंबर तिमाही में 31 फीसदी बढ़ा है। हालांकि यह पिछली तिमाही के 52 के उछाल से कम है, लेकिन पिछले साल के 10 फीसदी ग्रोथ से काफी बेहतर है। अमेरिका के टैरिफ बढ़ाने के बावजूद निर्यात ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें 8.8 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जो पिछले साल इसी अवधि में 7 की गिरावट से उलट है। हालांकि माना यह भ्ज्ञी जा रहा है कि अमेरिका में टैरिफ लगने से पहले निर्यात की जल्दी हुई शिपमेंट ने इसमें मदद की। घरेलू खपत, जो अर्थव्यवस्था का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा है, जुलाई-सितंबर तिमाही में मजबूत हुई। गांवों में बेहतर कृषि उत्पादन के कारण वहां खर्च बढ़ा। हालांकि, शहरों की मांग और निजी निवेश अभी भी धीमे बने हुए हैं। डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ सनक के चलते पूरी दुनिया में भू-राजनीतिक स्थिति अनिश्चित बनी हुई है, ऐसे में भारत की आर्थिक वृद्धि वैश्विक मंच पर उसकी स्थिति और प्रभाव बनाए रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। वैसे भी भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार नए आयाम हासिल कर रही है। ऐसे में लगातार मजबूत होती जीडीपी ग्रोथ बता रही है कि भारत की रफ्तार अब रुकने वाली नहीं है। इस समय भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह वर्तमान में अमेरिका, चीन और जर्मनी से पीछे है। हालांकि, उम्मीद है कि वर्ष 2030 तक भारत जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अप्रैल 2025 में भारत ने जापान को पीछे छोड़ दिया था। अब हम जर्मनी को पछाड़ने की तैयारी में लगे हैं। अगर यही रफ्तार रही तो देश को वर्ष 2030 तक का इंतजार नहीं करना होगा।

# आतंक के व्यापक तंत्र का उत्तर कैसे दें




सुरक्षा
अवधेश कुमार

**आतंकियों ने दिल्ली में लाल किले पर अचानक कार विस्फोट नहीं किया, बल्कि इनकी काफी पहले से ही कोशिश चल रही थी। 6 दिसंबर को अयोध्या से लेकर अनेक स्थलों पर विस्फोट करने और उसके बाद इसकी शृंखला कायम रखने की तैयारी थी। अलफलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई के मोबाइल फोन से प्राप्त डंप डेटा से पता चला है कि उसने और उमर ने इस वर्ष जनवरी में लाल किले क्षेत्र की भी कई बार रेकी की थी। ये रेकी गणतंत्र दिवस पर इसको निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी। लेकिन उस समय कड़ी सुरक्षा के कारण सफल नहीं हो पाई।**

दिल्ली लाल किला आतंकवादी कार विस्फोट की छानबीन से आ रही जानकारियों ने पूरे देश में भय और सनसनाहट पैदा की हुई है। अभी तक की जानकारियां बता रही हैं कि अगर आतंक का यह मॉड्यूल सफल हो गया होता तो देश में जगह-जगह अनगिनत विस्फोट होते और उसमें होने वाली मानवीय एवं संपत्तियों की क्षति का तो आकलन भी नहीं किया जा सकता। सच कहें तो आतंकवाद के दौर की शुरुआत से अब तक पूरे देश में विध्वंस पैदा करने का यह सबसे बड़ा तंत्र सामने आया है। बताया गया है कि विस्फोट के लिए 32 कारों की व्यवस्था थी, जिनमें से कई बरामद हो चुकी हैं। इन कारों के अलावा अलग-अलग तरीकों से भी विस्फोटों की तैयारी थी। उनकी तैयारियों का एक उदाहरण देखिए। कार विस्फोट में आत्मघाती बने उमर उन नबी के जम्मू कश्मीर अनंतनाग के काजीगुंडा से गिरफ्तार साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश से पता चला है कि हमास द्वारा 7 अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर किए गए ड्रोन और रॉकेट से हमला की पुनरावृत्ति करने की भी तैयारी थी। उसे छोटे ड्रोन हथियार बनाने और उन्हें मॉडिफाई करने का तकनीकी अनुभव है। उसने डॉ. उमर को तकनीकी मदद दी और वह भीड़भाड़ वाले इलाके में ड्रोन से बम गिराने की योजना को साकार करने के लिए ड्रोन और रॉकेट बनाने की कोशिश कर रहा था।

विस्फोट में इस्तेमाल कार खरीदने के लिए दिल्ली आया राशिद अली भी जम्मू कश्मीर का रहने वाला है। वास्तव में अब तक की छानबीन हमें कई पहलुओं पर गंभीरता से विचार करने को भी विवश करती है। अभी तक इस भयानक आतंकवादी मॉड्यूल में छह ऐसे सम्मिलित डॉक्टर गिरफ्तार किए गए हैं, जिनका दिमाग चिकित्सा में अच्छा करने की जगह मजहब के नाम पर हमला हत्या और विध्वंस पैदा करने की दिशा में ही लगा था। श्रीनगर का रहने वाला एक अन्य संदिग्ध डॉ. निसार फरार है। वह डॉक्टर्स एसोसिएशन ऑफ कश्मीर का अध्यक्ष भी है। जम्मू-कश्मीर सरकार ने डॉ. निसार को बर्खास्त कर दिया है। इन्होंने अचानक कार विस्फोट नहीं किया, बल्कि पहले से कोशिश चल रही थी। 6 दिसंबर को अयोध्या से लेकर अनेक स्थलों पर विस्फोट करने और उसके बाद इसकी शृंखला कायम रखने की तैयारी थी। अलफलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई के मोबाइल फोन से प्राप्त डंप डेटा से पता चला है कि उसने और उमर ने इस वर्ष जनवरी में लाल किले क्षेत्र की भी कई बार रेकी की थी। ये रेकी गणतंत्र दिवस पर इसको निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी। उस समय क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण ये ऐसा नहीं कर सके। उच्च शिक्षित होने के कारण ये किस तरह हर प्रकार की तकनीक को समझ कर उसका उपयोग कर पाते थे इसका प्रमाण भी देखिए। उमर उन नबी, डॉ. मुजम्मिल गनई और डॉ. शहीन शाहिद ने स्विट्जरलैंड के 'श्रीमा' नाम के एन्क्रिप्टेड ऐप से बातचीत की थी। इसी ऐप के जरिए वे धमाके की योजना, नक्शे सहित आवश्यक दस्तावेज व जानकारियां साझा कर रहे थे। श्रीमा ऐप फोन नंबर या ईमेल के बिना काम करता है और हर यूजर को एक यूनिक आईडी देता है, जिससे उसका पता लगाना मुश्किल हो जाता है। हम और आप में से कितने लोगों ने श्रीमा ऐप का नाम सुना है



या उपयोग किया है? पता नहीं अभी इसमें और क्या-क्या जानकारियां सामने आएंगी। डॉक्टर बनने वाला कोई व्यक्ति छात्र के रूप में थोड़ा मेधावी तो होगा ही। इमरान मसूद जैसे नेता इनको भटका हुआ बता दें या हुसैन दलवई जैसे मुस्लिम नेता कहें कि चुनाव के पहले ही विस्फोट क्यों होता है, यह कहा जाए कि आप इसको इस्लामी आतंकवाद ना कहिए तो क्या उत्तर दिया जा सकता है? पुलिस की छानबीन में उनके पहले किसी अपराधी से संपर्क आदि की भी जानकारी नहीं है। एक डॉक्टर को समाज में इज्जत मिलती है और उसकी गतिविधियों पर सहसा संदेश नहीं किया जा सकता। आखिर कानपुर में किसने सोचा होगा कि डॉक्टर शाहीन शाहिद जैश ए मोहम्मद की इतनी बड़ी आतंकवादी होगी और उसके पास एक-47 जैसा हथियार होगा? सामने आया है कि धमाके के लिए 20 से 25 लख रुपये इकट्ठा करने में उसकी प्रमुख भूमिका थी, इसमें हरियाणा और पंजाब से लेकर दिल्ली, गुजरात, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश तक आसानी से लोग आतंकवादी बन जाते हैं तो इसका कारण समझने के लिए अंतरिक्ष विज्ञानी होना आवश्यक नहीं है। बगैर स्थानीय और परिवार के लोगों के सहयोग के इतना बड़ा तंत्र खड़ा हो ही नहीं सकता। फरीदाबाद के धौज मस्जिद के इमाम इश्तियाक और सिरोही मस्जिद के इमाम इमामुद्दीन अगर आतंकवाद इस्लाम का काम या जिहाद मानकर उनकी मदद कर रहे थे तो क्यों? इन्होंने मिलकर पूरी अलफलाह यूनिवर्सिटी को ही आतंकवाद के बड़े केंद्र में बदल दिया। पठानकोट से गिरफ्तार डॉक्टर रईस अहमद भी पहले अलफलाह यूनिवर्सिटी में काम करता था। इसी तरह हापुड़ के जीएस मेडिकल कॉलेज से गिरफ्तार डॉक्टर फारूक अहमदार अल-फलाह यूनिवर्सिटी में सीनियर रेजिडेंट रह चुका है। वह जम्मू-कश्मीर के बीरवाह जिले के बड़गांव, वीरिपुरा के रहने वाला है। डॉ मुजम्मिल जब विस्फोटक जमा कर रहा था तो किसी ने उसको टोका तक नहीं। पुलिस को बताया गया कि जब उससे पूछा तो कहा कि खेती का खाद रख रहे हैं और इसे जम्मू-कश्मीर ले जाना है। जब मजहब के चेहरे इमाम तक इसमें शामिल हों तो रोक-टोक होगी कहां से। डॉ उमर नबी के मोबाइल को तोड़ कर फेंकने वाला परिवार ही था। एनआईए को उसके भाई ने बताया कि डॉ उमर नबी यहां आया था और उसने कहा था कि अगर मेरे बारे में कोई समाचार आए तो मोबाइल को नष्ट करके पानी में फेंक देना और हमने फेंक दिया। क्या भाई और परिवार ने उससे नहीं पूछा कि कौन सा समाचार आएगा? क्या समाचार आने के बाद उनका दायित्व नहीं था कि पुलिस के पास मोबाइल पहुंचाएं? आखिर उसने तो अपने को उड़ा लिया था और उसे बचाने की भी समस्या नहीं थी? इसी तरह डॉक्टर शाहीन के भाई डॉ परवेज की भूमिका अभी तक संदिग्ध मानी जा रही है। सीसीटीवी फुटेज बता रहे हैं कि उमर नबी धमाके से पहले हरियाणा के मेवात गया था। फिरोजपुर झिरका टोल प्लाजा फुटेज में उसकी कार दिखाई दी, जिसमें विस्फोटक सामग्री भरी हुई थी। यह फुटेज 10 नवंबर की सुबह, यानी धमाके वाले दिन की है। जांच में पता चला है कि मेवात क्षेत्र गुरुग्राम, नूंह और आसपास से ही 20 क्विंटल से ज्यादा अमोनियम नाइट्रेट खरीदा गया था। विस्फोटक में इस्तेमाल की गई खाद भी उमर ने मेवात से ही खरीदी थी। स्वयं को कार में उड़ाने के पूर्व उमर नबी का मेवात जाना, होटल में भोजन करना, काफी देर तक रुकना आदि के कोई निहितार्थ हैं या नहीं? अभी एक मॉड्यूल हमारे सामने आया है। निश्चित मानिए ऐसे कई मॉड्यूल देश के अलग-अलग जगहों में सक्रिय होकर साजिशों को अंजाम देने में संलिप्त होंगे। किसी तरह वे कुछ करने में सफल हुए या साजिश अंजाम देने के पहले पकड़े गए तब भी सामूहिक प्रतिक्रिया ऐसी ही होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन

अरविंद जयतिलक




# अरुणाचल पर फिर चीन की गिद्ध दृष्टि

चीन अपनी नापाक हरकतों से बाज आने को तैयार नहीं है। उसने जिस तरह शंघाई एयरपोर्ट पर भारतीय नागरिक पेमा वांग थोंगडोक से बदसलूकी करते हुए उनके पासपोर्ट इनवैलिड किए और प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चीन ने भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी है, बेहद आपत्तिजनक और रिश्तों में खटास पैदा करने वाला है। यह उचित है कि भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस मसले पर कड़ा रुख अपनाते हुए चीन को दो टूक सुना दिया है कि अरुणाचल भारत का अभिन्न अंग है। विचार करें तो यह पहली बार नहीं है जब चीन ने अरुणाचल के मसले पर हंगामा खड़ा करने की कोशिश की है। याद होगा कि पिछले वर्ष उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे के दौरान सेला टनल की शुरुआत पर ऐतराज जताया था। तब भी विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उसके कुतर्क को बेतुका और हास्यास्पद बताते हुए उसे आईना दिखा दिया था और कहा था कि अरुणाचल भारत का एक स्वाभाविक हिस्सा है। बहरहाल चीन की कुटिल मंशा से साफ है कि वह भारत के साथ सीमा विवाद सुलझाना नहीं चाहता है। उसके इस असंवेदनशील रुख के कारण ही 1976 से चला आ रहा सीमा विवाद किसी तार्किक नतीजे पर नहीं पहुंच सका है और टकराव होता रहा है। वह मैकमोहन रेखा को भी स्वीकारने को तैयार नहीं है, जबकि ब्रिटिश भारत और तिब्बत ने 1913 में शिमला समझौते के तहत अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में मैकमोहन रेखा का निर्धारण किया था। गौर करें तो इस सीमा रेखा का निर्धारण हिमालय के सर्वोच्च शिखर तक जाता है। वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी की वास्तविक स्थिति भी कमोवेश यही है। इस क्षेत्र में हिमालय प्राकृतिक सीमा का निर्धारण नहीं करता, क्योंकि यहां से अनेक नदियां निकलती और सीमाओं को काटती हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि दोनों देश एलएसी पर निगरानी कर रहे हैं। ऐतिहासिक संदर्भों में जाए तो तिब्बत, भारत और बर्मा की सीमाओं का ठीक से रेखांकन नहीं होने से अक्टूबर, 1913 में शिमला में अंग्रेजी सरकार की देखरेख में चारों देशों के अधिकारियों की बैठक हुई। इस बैठक में तिब्बती प्रतिनिधि ने स्वतंत्र देश के रूप में प्रतिनिधित्व किया और भारत की अंग्रेजी सरकार ने उसे उसी रूप में मान्यता दी। आधुनिक देश के रूप में भारत के पूर्वोत्तर हिस्से की सीमाएं रेखांकित न होने के कारण दिसंबर 1913 में दूसरी बैठक शिमला में हुई और अंग्रेज प्रतिनिधि जनरल मैक मोहन ने तिब्बत, भारत और बर्मा की सीमा को रेखांकित किया। आज के अरुणाचल का तवांग क्षेत्र मैकमोहन द्वारा खींची गयी रेखा के दक्षिण में होता था। इसलिए तिब्बती सरकार बार-बार उसपर अपना दावा करती रही। भारत और चीन के बीच विवाद की वजह अक्साई चिन और अरुणाचल प्रदेश की संप्रभुता भी है। पश्चिमी सेक्टर में अक्साई चिन का लगभग 3800 वर्ग किमी भू-भाग चीन के कब्जे में है। अक्साई चिन जम्मू-कश्मीर के उत्तर-पूर्व में विशाल निर्जन इलाका है। इस क्षेत्र पर भारत का अपना दावा है। लेकिन नियंत्रण चीन का है। दूसरी ओर पूर्वी सेक्टर में चीन अरुणाचल प्रदेश के 90 हजार वर्ग किमी पर अपना दावा कर उसे अपना मानता है। अरुणाचल प्रदेश से चुने गए किसी भारतीय सांसद को वीजा नहीं देता है। भारत की मनाही के बावजूद भी वह कश्मीर के लोगों को स्टेपल वीजा जारी करता रहा है। साथ ही पाकिस्तान से गलबहियां कर वह भारतीय संप्रभुता को भी चुनौती भी परोसता है। चीन की यह साजिश भारत के लिए चिंता का शबब इसलिए है कि यह नया पुल वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी से महज 20 किलोमीटर दूर है। गौरतलब है कि चीन पहले ही पैंगोंग झील पर एक पुल का निर्माण कर चुका है। चीन की बढ़ती आक्रामकता और दुस्साहस को देखते हुए अब उचित होगा कि भारत भी चीन के साथ पूर्व की किसी स्वीकारोक्ति से बंधा न रहे। इसलिए कि चीन जम्मू-कश्मीर और अरुणांचल प्रदेश दोनों पर अपनी कुदृष्टि गड़ाए है। याद होगा गत वर्ष पहले उसने प्रस्ताव रखा था कि भारत अगर अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके को उसे सौंप देता है तो वह बदले में अक्साई चीन का इलाका दे सकता है। लेकिन भारत ने उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया। जम्मू-कश्मीर में उसकी दुस्साहसपूर्ण गतिविधियां इसलिए चिंता पैदा करने वाली है कि पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर का आंगन उसके लिए खोल दिया है। उसी का नतीजा है कि इस्लामाबाद से चीन के उरुमची तक आवागमन तेज हो गया है। उचित होगा कि अब भारत बीजिंग-इस्लामाबाद के नापाक गठजोड़ का मुंहतोड़ जवाब दे। इसलिए भी कि आज दुनिया भारत के साथ है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

# सजगता से दूर होती है चिंता



संकलित
**दर्शन**

जब तुम चिंता का अनुभव करो, बहुत चिंताग्रस्त हो जाओ, तब इस विधि का प्रयोग करो। इसके लिए क्या करना होगा? जब साधारणतः तुम्हें चिंता घेरती है, तब तुम क्या करते हो? तुम उसका हल ढूंढ़ते हो। उसके उपाय खोजते हो। लेकिन ऐसा करके तुम और भी चिंताग्रस्त हो जाते हो। तुम उपद्रव को बढ़ा लेते हो, क्योंकि विचार से चिंता का समाधान नहीं हो सकता है। विचार के द्वारा चिंता का विसर्जन नहीं हो सकता है, क्योंकि विचार स्वयं एक तरह की चिंता है। यह विधि बहुत आसान है। यह कहती है कि चिंता के साथ कुछ मत करो। सिर्फ सजग हो जाओ। मैं तुम्हें एक दूसरे जेन गुरु बोकोजू के संबंध में एक पुरानी कहानी सुनाता हूं। वह एक गुफा में अकेले रहते थे, बिल्कुल अकेले। लेकिन दिन में या कभी-कभी रात में भी वह जोरों से कहता थे, 'बोकोजू'। यह उनका अपना नाम था। और फिर वह खुद कहते, 'हां महोदय, मैं मौजूद हूं।' जबकि वहां कोई दूसरा नहीं होता था। उनके शिष्य उससे पूछते थे, 'क्यों आप अपना ही नाम पुकारते हैं और फिर खुद कहते हैं, हां, मैं उपस्थित हूं?' बोकोजू ने कहा, 'जब भी मैं विचार में डूबने लगता हूं तो मुझे सजग होना पड़ता है। इसीलिए मैं अपना नाम पुकारता हूं। जिस क्षण मैं बोकोजू कहता हूं और कहता हूं कि हां महाशय, मैं मौजूद हूं, उसी क्षण विचारणा, चिंता विलीन हो जाती है।' फिर अपने अंतिम दिनों में, आखिरी दो-तीन वर्षों में उन्होंने कभी अपना नाम नहीं पुकारा और न ही यह कहा कि हां, मैं मौजूद हूं। तब शिष्यों ने पूछा, 'गुरुदेव, अब आप ऐसा क्यों नहीं करते?' बोकोजू ने कहा, 'अब बोकोजू सदा मौजूद रहता है।

# सिद्धियों का उचित प्रयोग ही करें



संकलित
**प्रेरणा**

चार विद्वान ब्राह्मण मित्र थे। एक दिन चारों ने संपूर्ण देश का भ्रमण कर हर प्रकार का ज्ञान अर्जित करने का निश्चय किया। चारों ब्राह्मणों ने चार दिशाएं पकड़ीं और अलग-अलग स्थानों पर रहकर अनेक प्रकार की विद्याएं सीखीं। पांच वर्ष बाद चारों अपने गृहनगर लौटे और एक जंगल में मिलने की बात तय की। चूंकि चारों परस्पर एक-दूसरे को अपनी गूढ़ विद्याओं व सिद्धियों को बताना चाहते थे, अतः इसके लिए जंगल से उपयुक्त अन्य कोई स्थान नहीं हो सकता था। जब चारों जंगल में एक स्थान पर एकत्रित हुए तो वहां उन्हें शेर के शरीर की एक हड्डी पड़ी हुई मिली। एक ब्राह्मण ने कहाः मैं अपनी विद्या से इस एक हड्डी से शेर का पूरा अस्थि पंजर बना सकता हूँ। उसने ऐसा कर भी दिखाया। तब दूसरे ब्राह्मण ने कहाः मैं इसे त्वचा, मांस और रक्त प्रदान कर सकता हूँ। फिर उसने यह कर दिया। अब उन लोगों के समक्ष एक शेर पड़ा था, जो प्राणविहीन था। अब तीसरा ब्राह्मण बोलाः मैं इसमें अपनी सिद्धि के चमत्कार से प्राण डाल सकता हूँ। चौथे ब्राह्मण ने उसे यह कहते हुए रोकाः यह मूर्खता होगी। हमें तुम पर विश्वास है, किंतु यह करके न दिखाओ। किंतु तीसरे ब्राह्मण का तर्क था कि ऐसी सिद्धि का क्या लाभ जिसे क्रियान्वित न किया जाए। उसका हठ देखकर चौथा ब्राह्मण तत्काल पास के पेड़ पर चढ़कर बैठ गया। तीसरे ब्राह्मण के मंत्र पढ़ते ही शेर जीवित हो गया। प्राणों के संचार से शेर को आहार की आवश्यकता महसूस हुई और उसने सामने मौजूद तीनों ब्राह्मणों को मारकर खा लिया। चौथे ब्राह्मण ने समझदारी से अपने प्राण बचा लिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शादियों में धन और अन्न बर्बाद न करें

त्योहारों के साथ-साथ अब शादियों का मौसम भी शुरू हो गया है। हमारे देश में शादी समारोह में भी फिजूलखर्ची लोक दिखावे के लिए होने लगी है। लोक दिखावे के लिए लोग अपने पैर चादर से बाहर भी पसार देते हैं। कुछ समय पहले शादियों में फिजूलखर्ची को रोकने के लिए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुकी कृष्णा तीरथ ने सुझाव दिया था कि उनके अनुसार चाय और नमकीन में भी फेरे लेकर विवाह की रस्म निभाई जा सकती है। इसके लिए लाखों रुपए फूंकने की क्या जरूरत है। जो कि बहुत ही सराहनीय है। अमीर लोगों को तो लाखों रुपए खर्च करने से तो कोई फर्क नहीं पड़ता है।

– **महेश त्यागी**, जगदलपुर

## ट्रेंड

### हार्दिक संवेदनाएं



चक्रवात दित्वा के कारण अपने प्रियजनों को खोने वाले श्रीलंका के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मैं सभी प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। भारत संकट की इस घड़ी में श्रीलंका के साथ मजबूती से खड़ा है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सशक्तिकरण को बढ़ावा



असम में मुसलमान समुदाय लगभग 20-30 विधानसभा सीटों की विजय तय करता है, लेकिन कई दशकों तक असम में मुस्लिम बहनें विधायक नहीं बन सकीं। बहुविवाह और बाल विवाह को रोककर हम इनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना चाहते हैं।

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### लोकतंत्र से धोखाधड़ी



एसआईआर लोकतंत्र के साथ धोखाधड़ी है। जनता जागरुक हो। आज वोट काटा जा रहा है, कल को खेत-जमीन-मकान-राशन-जाति-आरक्षण से नाम काटा जाएगा। फिर बात खातों और मध्यम वर्ग के लॉकर तक पहुंच जाएगी।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### मेरी प्रकृति ही ऐसी



मैं एक ही चीज बार-बार नहीं करना चाहता। मेरी व्यक्तिगत प्रकृति ही ऐसी है कि मैं अलग-अलग कहानियां चुनता हूं और मैं हमेशा उसी चीज पर काम करता हूं, जो मुझे व्यक्तिगत तौर पर उत्साहित करती है।

**-आमिर खान, अभिनेता**

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर


# श्रीलंका के बाढ़ राहत कार्य में सहयोग करेगा पोत 'विक्रांत'



श्रीलंका में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद बचाव और राहत अभियानों में भारत के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को तैनात किया जाएगा। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। श्रीलंकाई नौसेना ने बताया कि यह स्वदेशी विमानवाहक पोत 'अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू' 2025 की तैयारियों के तहत 25-26 नवंबर को कोलंबो में तैनात किया गया था। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि श्रीलंका के पूर्वी त्रिंकोमाली क्षेत्र में आए चक्रवाती तूफान 'डिटवा' के कारण गंभीर मौसम के बीच जारी राहत कार्यों के लिए आईएनएस विक्रांत के विमानों के उपयोग हेतु औपचारिक अनुरोध किया गया था। श्रीलंका में बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 56 हो गई है, जबकि 21 लोग अब भी लापता हैं। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने बताया कि पिछले 72 घंटों में 46 मौत के मामले दर्ज किए गए हैं। आपात स्थिति को देखते हुए, सरकार ने शुक्रवार को आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने बताया कि अत्यधिक खराब मौसम से 12,313 परिवारों के 43,991 लोग प्रभावित हुए हैं। सिंचाई विभाग ने कोलंबो के निचले उत्तरी हिस्सों में केलानी नदी के पास रहने वाले निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी देते हुए कहा कि इस क्षेत्र को द्वीप राष्ट्र के इतिहास में सबसे खराब बाढ़ का सामना करना पड़ सकता है।

## ऑफ बीट

# रंगीन चावल वास्तव में क्या स्वास्थ्यवर्धक है



चावल की 40,000 से अधिक विभिन्न किस्में हैं – जो इस मुख्य फसल की विविधता और अनुकूलनशीलता का प्रमाण है। चावल, अन्य अनाजों की तरह, एक घास के पौधे का खाने योग्य स्टार्चयुक्त दाना है।सफेद चावल की तुलना में, भूरा चावल एक साबुत अनाज है जिसमें केवल अखाद्य बाहरी छिलका हटा दिया जाता है। सफेद चावल बनाने के लिए अनाज का चोकर (बाहरी आवरण) हटा दिया जाता है। भूरे चावल में, चोकर और मगज़ (अनाज का मूल) बरकरार रहते हैं, जिससे इस प्रकार के चावल को इसका भूरा रंग और उच्च फाइबर सामग्री मिलती है। भूरे चावल में स्वाभाविक रूप से सफेद चावल की तुलना में अधिक पोषक तत्व होते हैं, जिसमें आहार फाइबर की दोगुनी मात्रा और फोलिक एसिड सहित काफी अधिक मैग्नीशियम, लौह, जस्ता और बी समूह विटामिन शामिल हैं। ब्राउन राइस में पॉलीफेनोल्स और फ्लेवोनोइड्स भी होते हैं, यह ऐसे एंटीऑक्सिडेंट हैं, जो शरीर को तनाव से बचाते हैं। इसे अक्सर लंबे अनाज के विकल्प के रूप में बेचा जाता है और इसमें काले और लाल चावल की किस्मों के समान पौष्टिक स्वाद होता है, हालांकि कुछ रसोइयों का सुझाव है कि इसकी बनावट थोड़ी अलग होती फैंसी काला चावल।



## फीफा अंडर-17 विश्व चैंपियन, पुर्तगाल ने जीता खिताब

**दोहा।** पुर्तगाल ने फीफा अंडर-17 विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रिया को 1-0 से हराकर इस आयु वर्ग में अपना पहला वैश्विक खिताब जीता। बेनफिका के फॉरवर्ड अनीसियो कैब्राल ने 48 देशों के टूर्नामेंट में गुरुवार को खेले गए खिताबी मुकाबले के 32वें मिनट में मैच का इकलौता गोल किया। इससे पहले इटली ने तीसरे स्थान के मैच में ब्राजील को शूटआउट में 4-2 से हराया, जिससे यूरोप की टीमों ने शीर्ष तीन स्थानों पर अपना दबदबा बनाया। मुकाबला बराबरी पर छूटने के बाद गोलकीपर एलेसेंड्रो लोंगोनी ने दो पेनल्टी बचा कर इटली की जीत पक्की की।

फीफा अंडर-17 विश्व कप का यह 20वां सत्र है। फीफा इस टूर्नामेंट को अब हर दो साल के बजाय सालाना आयोजित करता है।



## रोमा ने मिड्टजिलैंड को दी शिकस्त, दर्ज की पहली घरेलू जीत

**नॉटिंघमशायर।** रोमा ने मिड्टजिलैंड को 2-1 से शिकस्त देकर पहली घरेलू जीत दर्ज की। इस टीम के लिए नील एल ऐनाउई और स्टीफन ऐल शरावी मुकाबले के हीरो रहे, जिन्होंने एक-एक गोल किए। नील एल ऐनाउई ने मुकाबले के 7वें मिनट खाता खोला। इसके बाद स्टीफन ऐल शरावी ने 83वें मिनट गोल दागकर रोमा को 2-0 से आगे कर दिया। मुकाबले के 86वें मिनट मिड्टजिलैंड ने पॉलिन्हो के गोल की बदौलत अपना खाता खोला, लेकिन यह टीम मुकाबला गंवा बैठी। इस बीच, डोनियल मैलेन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत एस्टन विला ने यंग बॉयज को 2-1 से शिकस्त देकर पांच लीग फेज मैचों में अपनी चौथी जीत दर्ज की।



## फॉरेस्ट ने माल्मो को 3-0 से रौंदा, हासिल किए तीन प्वाइंट्स

**नॉटिंघमशायर।** नॉटिंघम फॉरेस्ट ने माल्मो एफएफ को 3-0 से मात देकर यूरोपा लीग में तीन प्वाइंट्स हासिल कर लिए हैं। मुकाबले के 27वें मिनट कप्तान रायन येट्स ने गोल दागकर नॉटिंघम फॉरेस्ट का खाता खोला। इसी के साथ टीम ने मुकाबले में 1-0 से लीड हासिल कर ली। मुकाबले के 44वें मिनट अर्नॉड कलिमुएंडो ने गोल करते हुए फॉरेस्ट की लीड को दोगुना कर दिया। माल्मो एफएफ की टीम 0-2 से पिछड़ गई थी। टीम लगातार गोल करने की कोशिश करती रही, लेकिन इसी बीच 59वें मिनट में निकोला मिलेंकोविक ने गोल दागकर फॉरेस्ट को 3-0 से आगे कर दिया। इस जीत के साथ नॉटिंघम फॉरेस्ट ने 8 प्वाइंट्स हासिल कर लिए हैं। फॉरेस्ट टेबल में 16वें नंबर पर आ गई है। दूसरी ओर, माल्मो के पास 1 अंक है। यह टीम 34वें पायदान पर मौजूद है।

---

### खबर संक्षेप



### उज्बेकिस्तान से मैत्री मैच खेलेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम 29 नवंबर और 2 दिसंबर को तमिलनाडु के महाबलीपुरम स्थित एफसी मद्रास अकादमी में उज्बेकिस्तान के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलेगी। फीफा महिला अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो के दौरान आयोजित किए जा रहे दोनों मैच बिना दर्शकों के खेले जाएंगे और भारतीय समयानुसार शाम 5 बजे से शुरू होंगे। मुख्य कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन ने इन दो मैचों के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। ये दोनों मैच 2026 एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप की तैयारी का हिस्सा है। भारतीय टीम को एशियाई कप के ग्रुप सी में जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीनी ताइपे के साथ रखा गया है। उज्बेकिस्तान भी इसी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर चुका है और उसे ग्रुप बी में डीपीआर कोरिया, कोरिया गणराज्य और जॉर्डन के साथ रखा गया है।

### महिला मुक्केबाजी टीम के मुख्य कोच बने नीवा

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी के पूर्व हाई परफार्मेंस निदेशक (एचपीडी) सैंटियागो नीवा महिला टीम के मुख्य कोच के रूप में राष्ट्रीय टीम से फिर से जुड़ गए हैं। अर्जेंटीना में जन्मे स्वीडन के इस पूर्व मुक्केबाज ने 2017 से 2022 तक भारत की पुरुष टीम के साथ बड़े स्तर पर काम किया था। उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल में



कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की, जिनमें तोक्यो ओलंपिक में भारत की अब तक की सर्वोच्च भागीदारी और 2019 पुरुष विश्व चैंपियनशिप में दो ऐतिहासिक पदक शामिल हैं। नीवा ने कहा, 'भारत वापस आकर बेहद उत्साहित हूं। मेरे पिछले कार्यकाल में यहां पांच साल शानदार रहे। मैं इस अगले अध्याय का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।

### तीन अंडर 69 के स्कोर से 10वें स्थान पर अदिति



**मलागा।** अदिति अशोक एंडालूसिया कोस्टा डेल सेल ओपन डि एस्पाना गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर हैं। अदिति ने तीन बर्डी और एक ईगल किया लेकिन दो बोगी भी कर गईं, जिससे उनका स्कोर तीन अंडर रहा। लेडीज यूरोपीय टूर पर कई बार की विजेता अदिति शीर्ष पर चल रही डेनमार्क की समिला टार्निंग सोंडरबी और थाईलैंड की त्रिचाट चेंगलाब से तीन शॉट पीछे हैं, जो छह अंडर के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। भारतीय खिलाड़ियों के लिए पहला दिन मिश्रित सफलता वाला रहा।

---

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : म्हात्रे ने जड़ा टी20 करियर का पहला शतक

# आयुष ने 49 गेंद में ठोका शतक, 16 छक्के-चौके लगाकर किया कमाल, मुंबई को दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶| मुंबई

युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने टी20 करियर का पहला शतक लगाते हुए मुंबई को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 में लगातार दूसरी जीत दिला दी। विदर्भ से ग्रुप एक के मुकाबले में मिले 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए म्हात्रे ने 110 रन की नाबाद पारी खेली।

इससे मुंबई ने 13 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। म्हात्रे ने 53 गेंद खेली और आठ छक्के व इतने ही चौके लगाए। इससे पहले विदर्भ ने अथर्व ताइडे के 64 और अमन मोखाडे के 61 रन के दम पर नौ विकेट पर 192 रन का मजबूत स्कोर बनाया था। मुंबई की ओर से शिवम दुबे और सैराज पाटिल ने तीन-तीन विकेट लिए।

### आयुष ने 20 गेंद में लगाई फिफ्टी

म्हात्रे ने 20 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने दुबे के साथ चौथे विकेट के लिए 85 रन की अटूट साझेदारी की। म्हात्रे ने छक्का लगाकर टी20 करियर का पहला शतक 49 गेंद में पूरा किया। वहीं दुबे ने 19 गेंद में तीन छक्के व इतने ही चौके लगाते हुए 39 रन की तूफानी पारी खेली। इससे मुंबई ने बड़े आराम से जीत हासिल की. विदर्भ के पास उमेश यादव, दर्शन नालकंडे, यश ठाकुर और हर्ष दुबे जैसे बॉलर थे लेकिन कोई भी म्हात्रे को रोक नहीं पाया।



### हिम्मत सिंह ने जड़ा छक्का, टीम को दिलाई जीत

**अहमदाबाद।** यश धुल की 46 गेंद में 71 रन की आक्रामक अर्धशतकीय पारी से दिल्ली ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 के ग्रुप डी के रोमांचक मुकाबले में शुक्रवार को तमिलनाडु को छह विकेट से हराया। तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 198 रन बनाए। हिम्मत सिंह ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर दिल्ली को जीत दिला दी। दिल्ली ने चार विकेट पर 203 रन बनाए। धुल ने अपनी पारी में चार चौके और इतने ही छक्के जड़ने के अलावा तीन अर्धशतकीय साझेदारी कर मैच पर दिल्ली की पकड़ बनाए रखी। उन्होंने प्रियांश आर्य (15 गेंद में 35 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 52, कप्तान नीतिश राणा (26 गेंद में 34 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी करने के बाद आयुष बडोनी (23 गेंद में 41 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी की।

### मध्यप्रदेश के खिलाफ वैभव के बल्ले से नहीं निकले रन

मध्य प्रदेश और बिहार की टीम के बीच मुकाबला हुआ,जिसमें बिहार को 62 रनों से हार का मुंह देखना पड़ा। मध्य प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 174 रन बनाए। इसके बाद बिहार की टीम सिर्फ 112 रनों पर सिमट गई। मैच में वैभव सूर्यवंशी बड़ी पारी नहीं खेल पाए हैं। वैभव सूर्यवंशी कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाए और बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुए। उन्होंने 9 गेंदों में सिर्फ 13 रन बनाए, जिसमें एक चौका और एक छक्का शामिल रहा। उनके अलावा कप्तान शाकिबुल गनी भी 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। बिहार की टीम के लिए सिर्फ विपिन सौरभ ने ही कुछ देर क्रीज पर टिकने की कोशिश की और उन्होंने 24 गेंदों में कुल 32 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और दो छक्के जड़े। बिहार की पूरी टीम 20 ओवर्स भी नहीं खेल पाई और 19.2 ओवर्स में टीम ने 112 रन बनाए। इसी वजह से उसे हार का मुंह देखना पड़ा।

### राजस्थान ने त्रिपुरा को हराया

ग्रुप के एक अन्य मैच में राजस्थान ने सात गेंद शेष रहते त्रिपुरा को पांच विकेट से हराया। कमलेश नागरकोटी के तीन विकेट से त्रिपुरा को सात विकेट पर 169 रन पर रोकने के बाद राजस्थान ने शुभम गढ़वाल की 20 गेंद में 50 रन की पारी के बूते 18.5 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। राजस्थान के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज कुणाल सिंह राठौड़ ने 18 गेंद में नाबाद 33 रन की आक्रामक पारी खेली। उत्तराखंड ने कुणाल चंदेला (94) और आंजनेय सूर्यवंशी की नाबाद 73 रन की पारी से सौराष्ट्र को छह विकेट से हराया। सौराष्ट्र को सात विकेट पर 183 रन पर रोकने के बाद उत्तराखंड ने 18.1 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

---

### एशेज टेस्ट

## 'पिंक बॉल' टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया ने किया स्क्वाड का ऐलान



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 4 दिसंबर से गाबा में शुरू होने जा रहे डे-नाइट एशेज टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है, जिसमें कोई बदलाव नहीं किया गया।

कप्तान पैट कमिंस लगातार दूसरे मैच में नहीं खेल सकेंगे। पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण पर्थ में सीरीज का पहला टेस्ट में नहीं खेले थे। इस लो-स्कोरिंग मुकाबले को ऑस्ट्रेलियाई ने सिर्फ दो दिनों के अंदर अपने नाम किया था। इस तेज गेंदबाज को पूरी तरह से फिट होने के लिए दो हफ्तों का समय दिया गया है। 32 वर्षीय पैट कमिंस टीम के साथ ब्रिस्बेन जाएंगे। पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में ब्रेंडन डॉगेट, मिचेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड के साथ अपनी जगह बनाए रख सकते हैं। ब्रेंडन डॉगेट ने पर्थ में टेस्ट डेब्यू करते हुए 5 विकेट हासिल किए थे।

### ओपनर उस्मान ख्वाजा टीम में शामिल

टीम में अनुभवी ओपनर उस्मान ख्वाजा को शामिल किया गया है। ख्वाजा पीठ में ऐंठन के कारण पर्थ में खेल गए सीरीज के पहले मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं कर सके थे। ऑस्ट्रेलियाई टीम रविवार को गाबा में अपना पहला ट्रेनिंग सेशन करेगी,जिसके बाद सोमवार को एक सेशन होगा। बता दे कि पर्थ स्टेडियम में खेले गए सीरीज के शुरुआती मैच में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में महज 172 रन पर सिमट गई थी। इस पारी में मिचेल स्टार्क ने 7 विकेट हासिल किए थे।

**कमिंस की एडिलेड टेस्ट में वापसी की संभावना :** दूसरा टेस्ट चार दिसंबर से शुरू होगा। कमिंस हालांकि टीम के अभ्यास करना जारी रखने के लिए ब्रिसबेन जाएंगे। उनके 17 दिसंबर से एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करने की संभावना है। कमिंस को इससे पहले शुक्रवार को ही सिडनी क्रिकेट मैदान पर टीम के अभ्यास सत्र में स्मिथ को गेंदबाजी करते हुए देखा गया था।

---

## अंडर-19 एशिया कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान, वैभव टीम में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उभरते हुए बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को अंडर-19 एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का कप्तान बरकरार रखा गया। टीम में आक्रामक किशोर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को जगह मिली है जबकि 12 से 21 दिसंबर तक दुबई में 50 ओवरों के प्रारुप में खेले जाने वाले इस आयु वर्ग के महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए विहान मल्होत्रा को उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। म्हात्रे ने इससे पहले सितंबर और अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के बहु-प्रारुप दौरे के दौरान भी भारत का नेतृत्व किया था। यह टूर्नामेंट अगले साल जनवरी-फरवरी में जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जाने वाले अंडर-19 विश्व कप की तैयारी का आधार होगा।



### भारतीय अंडर-19 टीम

आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा (उपकप्तान), वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडू (विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), युवराज गोहिल, कनिष्क चौहान, खिलान ए. पटेल, नमन पुष्पक, डी. दीपेश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह, उधव मोहन, आरोन जॉर्ज। स्टैंडबाई खिलाड़ीः राहुल कुमार, हेमचुदेशन जे, बीके किशोर,आदित्य रावत।

### हॉकी विश्व कप में जर्मनी ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

**मदुरै।** गत चैंपियन जर्मनी ने दक्षिण अफ्रीका को 4-0 से हराकर एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत शानदार जीत के साथ की। सात बार के चैंपियन जर्मनी की ओर से जस्टस वारवेग ने 19वें और 56वें मिनट में मैदानी गोल दागे जबकि बेन हैशबैक (43वें मिनट) और पॉल ग्लेंडर (44वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर एक-एक गोल किया।



पूल ए के पहले मैच में आयरलैंड ने कड़े मुकाबले में कनाडा को 4-3 से हराया। आयरलैंड को 13वें मिनट में लुई रोव से बढ़त दिलाई लेकिन गुरनूर भुल्लर ने 26वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। रोव ने 33वें मिनट में एक और मैदानी गोल दागकर स्कोर 2-1 किया जबकि ग्रेगरी विलियम्स ने 35वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर आयरलैंड को 3-1 से आगे कर दिया। माइलो थॉम्पसन ने एक और मैदानी गोल दागकर आयरलैंड की बढ़त को 4-1 किया।

## पाकिस्तान को हराकर ट्राई सीरीज के फाइनल में श्रीलंका, चमीरा को 4 विकेट

एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा (20 रन पर चार) ने लक्ष्य का बचाव करते हुए आखिरी ओवर में सिर्फ तीन रन खर्च किए, जिससे श्रीलंका ने त्रिकोणीय श्रृंखला के अपने करो या मरो मैच में पाकिस्तान को छह रन से हराकर फाइनल का टिकट पक्का किया। पाकिस्तान पहले ही फाइनल में पहुंच चुका था और जिम्बाब्वे की जगह खिताबी मुकाबले में पहुंचने के लिए श्रीलंका को खेले गए मैच में जीत की जरूरत थी। टीम ने सलामी बल्लेबाज कामिल मिसरा की 48 गेंदों में 76 रनों की



पारी की बदौलत पांच विकेट पर 184 रन बनाने के बाद पाकिस्तान को सात विकेट पर 178 रन पर रोक दिया।

### आगा की नाबाद पारी नहीं दिला सकी जीत

पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा के कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 63 रनों की पारी खेली लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। चमीरा ने पावरप्ले में अपने शुरुआती दो ओवर में तीन रन पर तीन विकेट लेकर पाकिस्तान को बैकफुट पर धकेल दिया और फिर आखिरी ओवर में क्रीज पर आगा की मौजूदगी के बावजूद 10 रन का शानदार तरीके से बचाव किया। उन्होंने चौथे ओवर में साहिबजादा फरहान (नौ) को धीमी गेंद पर गच्चा देने के बाद बाबर आजम (शून्य) को खाता खोले बगैर पगबाधा किया।

---

### 21 से 30 दिसंबर तक विशाखापत्तनम और तिरुवनंतपुरम में होंगे मैच

# भारतीय टीम श्रीलंका से खेलेगी 5 मैचों की सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम 21 से 30 दिसंबर तक विशाखापत्तनम और तिरुवनंतपुरम में श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। बीसीसीआई ने शुक्रवार को जानकारी दी। इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ निर्धारित मैच दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के कारण स्थगित कर दिया गया था। हाल ही में वनडे विश्व कप जीतने के बाद यह भारतीय महिला टीम का पहला मैच होगा। बीसीसीआई से जारी बयान के मुताबिक,'भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। भारत अगले महीने पांच मैचों की श्रृंखला के लिए श्रीलंका की मेजबानी करेगा। यह श्रृंखला विशाखापत्तनम में शुरू होगी और शेष मैच तिरुवनंतपुरम में खेले जाएंगे।'



| | | |
|---|---|---|
| पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 21 दिसंबर, विशाखापत्तनम |
| दूसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 23 दिसंबर, विशाखापत्तनम |
| तीसरा टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 26 दिसंबर, तिरुवनंतपुरम |
| चौथा टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 28 दिसंबर तिरुवनंतपुरम |
| पांचवां टी20 अंतरराष्ट्रीय | : | 30 दिसंबर तिरुवनंतपुरम |

### श्रीलंका टीम 2016 के बाद भारत में खेलेगी सीरीज

*पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक भारतीय महिला टीम को इसी दौरान बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भाग लेना था। श्रीलंका की टीम 2016 के बाद पहली बार भारत में कोई द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी, जिसे मेजबान टीम ने 3-0 से जीता था। भारतीय महिला टीम ने इस साल जुलाई में इंग्लैंड में अपनी पिछली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेली थी। टीम ने इस श्रृंखला को 3-2 से जीत कर इतिहास रचा था।*

## पुणे ग्रैंड टूर 19 जनवरी से भारत की दो टीमें लेंगी हिस्सा

Pune GRAND TOUR

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की पहली 'यूनियन साइकिलिस्ट इंटरनेशनल (यूसीआई)' 2.2 श्रेणी की रोड रेस चैंपियनशिप 'पुणे ग्रैंड टूर' के शुरुआती सत्र का आयोजन 19 से 23 जनवरी तक होगा। भारतीय साइकिलिंग महासंघ (सीएफआई) इसमें दो टीमें उतारेगा। इन टीमों का चयन ओडिशा के संबलपुर में दो से छह दिसंबर तक होने वाले राष्ट्रीय चैंपियनशिप सह चयन ट्रायल से होगा। इससे चयनित खिलाड़ियों का आकलन 28 दिसंबर को पुणे में एक राष्ट्रीय रोड रेस के माध्यम से किया जाएगा। भारत 'ए' और भारत 'बी' की उपस्थिति से उभरते और अनुभवी साइकिल चालक खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बड़ा मंच मिलेगा। 'बजाज पुणे ग्रैंड टूर' भारत में वैश्विक साइकिलिंग का प्रमुख आयोजन है। इसका उद्देश्य पुणे और भारत को यूसीआई के वैश्विक कैलेंडर में स्थायी रूप से शामिल करना है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25


Hero
125M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS
नए रिश्तों की शुरूआत,
हीरो पे सवार.
XTREME 125R
एक्स-शोरूम कीमत
~~₹1 00 705~~ ₹90 500#
लाभ ₹10 205
इंस्टेंट डिस्काउंट
₹10 000^
HDFC BANK
FESTIVE TREATS
क्रेडिट कार्ड
Powered by pine labs
प्रतिदिन EMI
₹89$
से शुरू
डाउन पेमेंट
₹1 999$
से शुरू
विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स
₹2 200~
तक
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply
Hero GoodLife
पाएं जीतने का मौका
100% कैशबैक
24 कैरट सोने का सिक्का
और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*
Additional offers on:
Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of Xtreme 125R in Haryana.
TOLL FREE
1800 266 0018
Authorised Dealers: Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero - 9289922868; Assandh: Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad: Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero - 9289922433; Gohana: Krishna Hero - 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero - 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal:Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal:Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero - 9289922988; Ladwa:Khanna Hero - 9289922063; MandiDabwali: Karan Hero - 9289922490; Nuh:Sunil Hero - 9289923087; Narnaul:Autodeals Hero - 9289922058; Narwana:Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero - 9289922877; Panchkula: Regent Hero - 9289923161; Panipat: Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero - 9289922393; Rewari: Virendra Hero - 9289922060; Rohtak:Shivam Hero - 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694.